Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 33 | मंगलवार, 03 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## 2014 के मुकाबले कई गुना बढ़ा रेल बजट



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दावा किया कि रविवार को पेश देश के आम बजट में रेल ढांचे में सुधार के गंभीर प्रयास किए गए हैं। रेल के आधुनिकीकरण का फायदा तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों को भी मिलेगा, जिनके लिए बजट में आवंटन को बढ़ाया गया है। वैष्णव ने बताया कि तमिलनाडु का रेल बजट 2014 के 879 करोड़ की तुलना में 2026-27 में 7611 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। इससे बड़े स्तर की बुनियादी परियोजनाओं को पूरा करने में आसानी होगी।

इसी प्रकार, रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश आम बजट में केरल के लिए 3795 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। वैष्णव ने कहा कि वर्तमान बजट में रेल कनेक्टिविटी, सुरक्षा, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर ज्यादा जोर दिया गया है।

## भड़काऊ बयानों पर घिरे असम के सीएम हिमंत सरमा, जमीयत ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा हाल ही में की गई कुछ सार्वजनिक टिप्पणियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उन्हें "सांप्रदायिक, अत्यधिक विभाजनकारी और संविधान की भावना के विपरीत" बताया गया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदानी ने वरिष्ठ अधिवक्ता एम आर शमशाद के माध्यम से याचिका दायर दी है। अदालत से संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के लिए सख्त और लागू करने योग्य दिशानिर्देश बनाने का आग्रह किया है, ताकि सार्वजनिक पदों का दुरुपयोग किसी भी समुदाय के प्रति नफरत फैलाने या उसे निशाना बनाने के लिए न किया जाए।

# अमेरिका ने भारत पर लगा टैरिफ घटाया


# 25% की जगह 18% होगा शुल्क

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा एलान किया है। अमेरिका ने भारत पर लगा 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है।अमेरिका ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटा दिया है। भारतीय सामानों पर टैरिफ 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच आज फोन पर बातचीत हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मित्रता और सम्मान के कारण और उनके अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से हमने अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति व्यक्त की, जिसके तहत अमेरिका पारस्परिक शुल्क को 25% से घटाकर 18% कर देगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत भी इसी प्रकार अमेरिका के विरुद्ध अपने शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य कई उत्पादों के अलावा, अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई।' उन्होंने कहा, 'भारत के साथ हमारे शानदार संबंध भविष्य में और भी मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी और मैं दो ऐसे व्यक्ति हैं जो काम को अंजाम देते हैं, जो कि अधिकांश लोगों के बारे में नहीं कहा जा सकता। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।' इस बीच, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जैसा कि मैंने कई बार कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सच्चा मित्र मानते हैं। आज शाम व्यापार समझौते की खबर से बेहद खुश हूं। अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में असीमित संभावनाएं हैं।

## भारतीय विरासत को मिली नई पहचान, 7.5 लाख से अधिक पांडुलिपियां डिजिटली उपलब्ध



**नई दिल्ली।**

संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि ज्ञान भारतम पहल के तहत 7.5 लाख से अधिक पांडुलिपियां डिजिटल रूप में उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें से 1.29 लाख पांडुलिपियां 'ज्ञान भारतम' पोर्टल पर उपलब्ध हैं। ज्ञान भारतम संस्कृति मंत्रालय की पहल है। इसका उद्देश्य भारत की पांडुलिपि धरोहर को संरक्षित करना है। शेखावत ने लिखित उत्तर में कहा, 45 केंद्र जिनमें 28 क्लस्टर केंद्र और विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 17 स्वतंत्र केंद्र शामिल हैं, अब तक ज्ञान भारतम पहल के तहत गतिविधियों को संचालित करने के लिए जुड़े हैं। संस्कृति मंत्री ने इन 45 केंद्रों की राज्यवार सूची भी साझा की। ज्ञान भारतम पहल से जुड़े क्लस्टर केंद्रों में नव नालंदा महाविहार, नालंदा और पटना संग्रहालय, पटना, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता शामिल हैं।

## 'व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ': गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।**



राजनीति और उद्योग जगत के दिग्गजों ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि "अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य" में भारत ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया है। इस व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारत पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारत-अमेरिका संबंधों के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है। इससे मजबूत व्यापारिक संबंधों और आपसी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह समझौता हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा और दोनों देशों को लाभ पहुंचाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगा। यह दोनों पक्षों के लिए जीत की तरह है। दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को इस समझौते से बहुत लाभ मिलेगा।

### संघ प्रमुख का बड़ा बयान

## अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की पहचान कर उन्हें बाहर निकालना सरकार की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की पहचान करना और उन्हें निर्वासित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देश अपने हितों से प्रेरित होते हैं और भारत को भी बिना किसी समझौते के उसी के अनुरूप अपना मार्ग तय करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होना चाहिए। आरएसएस द्वारा सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भागवत ने रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने शहर की अपनी यात्रा के दौरान फिल्मी जगत की हस्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। देश में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों की पहचान करना और उन्हें निर्वासित करना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिक इस मामले को अधिकारियों के संज्ञान में ला सकते हैं।

## बारामती के विद्या प्रतिष्ठान परिसर में बनेगा 'अजित दादा' का स्मारक



**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के दिवंगत पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार का स्मारक बारामती स्थित विद्या प्रतिष्ठान परिसर में बनाया जाएगा। विद्या प्रतिष्ठान पवार परिवार द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान है। अजित पवार और चार अन्य लोगों की 28 जनवरी को बारामती हवाईअड्डे के पास विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। अजित पवार के करीबी सहयोगी रहे किरण गुजर ने रविवार को बताया कि यह स्मारक उसी विद्या प्रतिष्ठान परिसर में बनाया जाएगा, जहां अजित पवार का अंतिम संस्कार हुआ था। गुजर ने कहा, शरद पवार साहब, अंतिम संस्कार स्थल पर आए थे और उन्होंने मुझे तथा विद्या प्रतिष्ठान के ट्रस्टियों को अजित दादा के स्मारक के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया। आने वाले दिनों में ट्रस्टियों के साथ चर्चा की जाएगी ताकि स्मारक के डिजाइन और संरचना को अंतिम रूप दिया जा सके।

**शरद पवार ने दिए निर्देश**

## दिल्ली में कोहरे का कहर




**नई दिल्ली।**

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट पर हवाई यातायात पूरी तरह चरमरा गया है। सोमवार सुबह से शाम छह बजे तक 220 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी दर्ज की गई है, जबकि रद होने वाली उड़ानों की संख्या 40 के पार पहुंच गई है। इसके अलावा, खराब दृश्यता के चलते 10 विमानों को जयपुर, अहमदाबाद और लखनऊ की ओर डायवर्ट करना पड़ा है। सोमवार सुबह दिल्ली में मौसम के सबसे कठिन हालात देखे गए। तड़के 4:00 बजे से सुबह 9:00 बजे के बीच रनवे पर विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर के बीच दर्ज की गई, जिसने परिचालन को पूरी तरह ठप कर दिया। दोपहर 12:00 बजे के बाद धूप निकलने से दृश्यता में सुधार हुआ और यह बढ़कर 500 से 800 मीटर तक पहुंची, जिससे लैंडिंग प्रक्रिया में थोड़ी तेजी आई। हालांकि, सुबह के भारी बैकलॉग के कारण रनवे पर विमानों की लंबी कतार लग गई है, जिससे उड़ानों को प्रस्थान के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने दोपहर में स्थिति की समीक्षा करते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यात्रियों के लिए नई एडवायजरी जारी की है। इसमें एएआई ने कहा कि उत्तर भारत के हवाई अड्डों पर घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम है, जिससे परिचालन प्रभावित हुआ है।

## पहाड़ से लेकर मैदान तक वर्षा, हिमपात और कोहरे की मार

**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के सरसावा, आगरा और हिंडन वायुसेना अड्डों पर दृश्यता शून्य दर्ज की गई। इस दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी भी हुई। दो और पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से उत्तर-पश्चिम में मौसम फिर बिगड़ गया है। सोमवार को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों हल्की बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हुआ है, वहीं मैदानी इलाकों में बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाएं चली और कोहरा छाया रहा। हालांकि, तापमान में कुछ वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन शीतलहर के चलते ज्यादा ठंड महसूस की गई। इन इलाकों में मंगलवार को भी बारिश, बर्फबारी और शीतलहर चलने की संभावना है, जबकि कुछ इलाकों में पांच फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर रविवार रात और सोमवार सुबह घना कोहरा तो कुछ स्थानों पर बहुत घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई।



## संपादक की कलम से

# हिमाचल की वित्तीय मरम्मत



ललित शर्मा
संपादक

हिमाचल में विकास के दो स्रोत आपस में उलझ रहे हैं। विपक्षी दल से जो आवाजें आ रही हैं, वे विधायक प्राथमिक योजनाओं के परिप्रेक्ष्य में इन्हें खट्टे अंगूर मान चुकी हैं, जबकि सत्ता पक्ष ने शिमला में महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे मनरेगा में आए बदलाव का विरोध करके सवाल पूछ रहा है। बजट से पूर्व विधायक प्राथमिकता बैठकों की प्रासंगिकता पर प्रश्न पूछते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चेतावनी दी है कि यदि भाजपा विधायकों की प्राथमिकताएं न्यस्त ही होनी हैं तो पार्टी इनका बाहिष्कार करेगी। जयराम ठाकुर मानते हैं कि जनता के दुख सुख की खबर लेते जनप्रतिनिधियों के आचरण से, स्थायी प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। दरअसल विधायक प्राथमिकताओं की सूची एक तरह से लोकतंत्र की जीवंतता है, जहां विकास सीधे जनता से संवाद करता है। दूसरे इसके माध्यम से विधायक अपने हलके का एक विजन डाक्यूमेंट पेश करते हैं। हालांकि यह भी एक राजनीतिक चरित्र है कि विधायकों द्वारा तय की गई प्राथमिकताएं पुराने ही ढर्रे पर देखी जाती हैं, फिर भी इन छोटी–छोटी योजनाओं–परियोजनाओं के महत्त्व को कमतर नहीं आंका जा सकता है। आपदाओं के दौर से गुजर रहे हिमाचल की अपनी कई शिकायतें हैं। कुछ केंद्रीय संसाधनों के आबंटन और कुछ राज्य की वित्तीय स्थिति के कारण। सियासी कारणों से हिमाचल के सभी विधानसभा क्षेत्र एक जैसे तराजू पर नहीं तोले जाते, फिर भी विधायक प्राथमिकताएं ही अगर प्रदेश के हित में न्याय प्राप्त कर लें, तो यह संदेश सीधे जनता से जुड़ता है। विपक्ष को मलाल है कि पहले ही विधायक व ऐच्छिक निधि पर विराम के कारण जनता की अदालत में जनप्रतिनिधि खोटे सिक्के साबित हो रहे हैं। बहरहाल राजनीतिक प्रदर्शन का राजकोष संकट में है। हिमाचल की वित्तीय स्थिति पर केंद्रीय सहायता के मानक और मानदंड ही नहीं, बल्कि मनरेगा से वी बी जी राम जी यानी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के रूप में परिवर्तित यह योजना ग्रामीण परिदृश्य को अचंभित कर रही है। हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के लिए ग्रामीण स्तर पर मनरेगा ने जिस शिद्दत से दिहाड़ी लगाई है, उसके विपरीत वी बी जी राम जी के अवतार से राज्य सरकार आशंकित है। पहले तो राशि के आबंटन में आ रही प्रत्यक्ष कमी, फिर इसके द्वारा कार्य संचालन का केंद्रीकृत स्वरूप और अंत में घटता बजट, रास नहीं आ रहा। देखा जाए तो राष्ट्रीय संसाधनों में राज्य सरकारों के प्रति बदलता रवैया, हिमाचल पर भारी पड़ा है। कई परियोजनाओं के ताले अगर टूटे हैं, तो पर्वतीय मजबूरियों के बादल सिर्फ बरसात में ही नहीं फटे, बल्कि आम नागरिक की आधारभूत सुविधाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में महज राजनीतिक दोषारोपण सही नहीं होगा और न ही ऐसे गंभीर मसले पर कोई एक पक्ष सही साबित होगा। हमें केंद्रीय बजट से जोअपेक्षाएं थीं, वो पूरी होती दिखाई नहीं देती और वित्त आयोग किसी भी तरह के राजस्व घाटा अनुदान देने से मुकर गया है। ऐसे में हिमाचल के लिए यह एक वित्तीय चोट है। राज्य के बजट से हर विधानसभा क्षेत्र की महत्त्वाकांक्षा रहेगी। आर्थिकी के विकास का सौहार्द तभी विकसित होगा, यदि राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश की हिफाजत में सभी एकजुट हों। बेशक विपक्षी विधायकों के लिए प्राथमिकताओं का निवाला, एक सौहार्द है, तो केंद्र ही अगर राज्य के निवाले छीन ले तो बड़ा दोषी किसे माना जाए। हिमाचल की वित्तीय मरम्मत के लिए सभी पक्षों को मिलजुल कर सर्वप्रथम राज्य की प्राथमिकताएं सही करनी होंगी और यह कार्य कठोर निर्णयों से ही सफल होगा।

## उदय किशोर साह



### मिलन

कविता

हँसीन हो जाती है फिजां की ये नजारा
मुस्कुराती है तब चमन की कलियाँ सारा
जब होता है तेरा मेरा। उपवन में मिलन
प्यार से रौशन हो जाता है। ये तपोवन

कल कल बहती है पहाड़ी से निकल नदियां
पागल सा दिखती है ये सजी धजी वादियां
सरगम की छेड़ देती है सातो स्वर की गान
पूरवाई भी कर रही मोहब्त की सम्मान

सूरज की किरणों का धरा पे है डाले डेरा
लाली से रंग गई है ये स्वर्णिम नई सवेरा
पक्षी की कलरव लगता है सुन्दर दिनमान
कितना पावन है देवभुमि का ये विधान

रूनझून तेरी पायलियॉ करती जब है शोर
जंगल में नाच रहा होता है मोरनी मोर
व्योम पे बादल की तन चुकी है बागडोर
क्या सूरज छिप जायेगा आसमां पे पोर पोर

चलो बैठ कर पीपल तले करते है कुछ बात
जो होगी हम दोनों के बीच वो बल्कुल ही खास
भले ही तन मन अपना हो भौतिक रूप से अलग
पर जियेगें तेरे साथ मरेगें तेरे साथ रहेगें सलग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नारी देह, नारी अधिकार माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



ललित गर्ग



भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि ह्लमाहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैह्व इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक ह्यमल्टीप्लायर राइटह्ल बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में ह्लमासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नरह्व स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निमार्ता, इस विषय को केवल ह्लमहिलाओं का मामलाह्व मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

आज भारत ह्लनए प्रवेशह्व के साथ आगे बढ़ने की बात करता है- डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन-जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरूआत है, मंजिल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है।

# मासिक धर्म और सैनिटरी पैड: स्कूलों में गरिमा की परीक्षा



प्रियंका सौरभ

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूलों में छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने और मासिक धर्म स्वच्छता को अनिवार्य करने संबंधी निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय समाज की उस सामूहिक सोच को आईना दिखाते हैं, जिसमें आज भी मासिक धर्म को संकोच, चुप्पी और उपेक्षा के साथ देखा जाता है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि मासिक धर्म महज स्वास्थ्य या स्वच्छता का मुद्दा नहीं, बल्कि गरिमा, समानता और शिक्षा के अधिकार से जुड़ा एक गंभीर संवैधानिक प्रश्न है।

भारत जैसे देश में, जहाँ संविधान समानता और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है, वहाँ लाखों छात्राओं का मासिक धर्म के दौरान असुरक्षित और अपमानजनक परिस्थितियों में पढ़ाई करने को मजबूर होना व्यवस्था की गहरी विफलता को उजागर करता है। अदालत का यह हस्तक्षेप इसी विफलता को दूर करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। यह याद दिलाता है कि अधिकार केवल कागजों में दर्ज घोषणाएँ नहीं होते, बल्कि उनका वास्तविक अर्थ तभी है, जब वे जमीनी हकीकत में दिखाई दें।

मासिक धर्म को लंबे समय तक केवल एक जैविक प्रक्रिया मानकर नजरअंदाज किया जाता रहा है। परिणामस्वरूप यह विषय स्वास्थ्य मंत्रालय या स्कूल प्रबंधन की सीमित जिम्मेदारी बनकर रह गया। सच्चाई यह है कि मासिक धर्म सामाजिक, शैक्षिक और मानसिक स्तर पर गहरे प्रभाव डालता है। स्वच्छता सुविधाओं और सही जानकारी के अभाव में छात्राओं को न केवल संक्रमण और बीमारियों का खतरा रहता है, बल्कि शर्म और भय के कारण वे नियमित रूप से स्कूल आने से भी कतराने लगती हैं। कई मामलों में यह स्थिति स्थायी स्कूल ड्रॉपआउट का कारण बन जाती है।

अनेक अध्ययन यह दशार्ते हैं कि मासिक धर्म के दौरान उचित प्रबंधन की कमी के कारण बड़ी संख्या में किशोरियाँ हर महीने कई दिनों तक स्कूल नहीं जातीं। यह अनुपस्थिति धीरे-धीरे सीखने की प्रक्रिया को कमजोर करती है और अंततः शिक्षा से पूरी तरह कट जाने का जोखिम बढ़ा देती है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में ह्लसबके लिए शिक्षाह्व के लक्ष्य के प्रति ईमानदार हैं, या यह केवल नीतिगत दस्तावेजों तक सीमित नारा बनकर रह गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में इस तथ्य को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि मासिक धर्म स्वच्छता की अनदेखी सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। जब स्कूलों में अलग और स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, साबुन और सैनिटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होतीं, तो छात्राओं के लिए नियमित रूप से विद्यालय जाना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाता है। यह स्थिति लैंगिक असमानता को और गहरा करती है, क्योंकि जहाँ लड़कों की शिक्षा बिना किसी जैविक बाधा के चलती रहती है, वहीं लड़कियों को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के कारण पीछे धकेल दिया जाता है।

यह असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 की भावना के विरुद्ध है, जो समानता और भेदभाव-रहित समाज की अवधारणा को आधार प्रदान करते हैं। केवल अवसर की समानता पर्याप्त नहीं होती, जब तक उस अवसर तक पहुँचने के साधन भी समान न हों। मासिक धर्म स्वच्छता की अनदेखी करके हम अनजाने में ही लड़कियों को उस बराबरी से वंचित कर देते हैं, जिसका वादा संविधान करता है।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मासिक धर्म से जुड़ी सुविधाओं का अभाव महिलाओं और किशोरियों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। जब किसी छात्रा को असुरक्षित और अवैज्ञानिक साधनों का उपयोग करने को मजबूर होना पड़े, तो यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा पर सीधा आघात है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन को केवल शारीरिक अस्तित्व तक सीमित नहीं करता, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जीने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है।

यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस धारणा को तोड़ता है कि सैनिटरी पैड या स्वच्छ शौचालय कोई ह्लअतिरिक्त सुविधाह्व हैं। वास्तव में ये आवश्यक अधिकार हैं, जिनके बिना न तो स्वास्थ्य सुरक्षित रह सकता है और न ही शिक्षा का अधिकार सार्थक हो सकता है। इस दृष्टि से अदालत का यह आदेश एक सामाजिक चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

हालाँकि भारत में न्यायिक आदेशों की सबसे बड़ी चुनौती उनके प्रभावी क्रियान्वयन में दिखाई देती है। कई बार नीतियाँ और दिशा-निर्देश घोषणाओं और फाइलों तक सीमित रह जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं इस आशंका को ध्यान में रखते हुए कहा है कि यह निर्णय केवल अदालती आदेश या कानूनी पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका वास्तविक असर स्कूलों और छात्राओं के जीवन में दिखाई देना चाहिए। सरकारी और निजी, शहरी और ग्रामीण–सभी स्कूलों में इन निदेर्शों को समान रूप से लागू करना अनिवार्य है।

इस संदर्भ में निजी स्कूलों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर निजी शिक्षण संस्थान स्वयं को सरकारी योजनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व से अलग मान लेते हैं। अदालत का आदेश इस सोच को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और बताता है कि बच्चों के अधिकार के मामले में सरकारी और निजी का भेद स्वीकार्य नहीं हो सकता। यदि निजी स्कूल उच्च शुल्क वसूल सकते हैं, तो वे छात्राओं की बुनियादी स्वच्छता और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि केवल आदेश और नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। जब तक समाज की सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक ऐसी पहल अधूरी ही रहेंगी। मासिक धर्म को लेकर फैली चुप्पी, अंधविश्वास और शर्म की भावना इस समस्या को और जटिल बनाती है। स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन केवल पैड वितरण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जागरूकता, संवाद और वैज्ञानिक जानकारी को भी शिक्षा प्रक्रिया का हिस्सा बनाना चाहिए। लड़कों को भी इस चर्चा से अलग नहीं रखा जाना चाहिए, क्योंकि संवेदनशील और समान समाज की नींव तभी पड़ती है, जब समझ साझा होती है। केंद्र और राज्य सरकारों के लिए यह आदेश केवल अनुपालन की बाध्यता नहीं, बल्कि सुधार का अवसर है। पर्याप्त बजट आवंटन, प्रभावी निगरानी तंत्र और स्पष्ट जवाबदेही तय किए बिना यह पहल सफल नहीं हो सकती। अदालत द्वारा निर्धारित समय-सीमा यह स्पष्ट संकेत देती है कि इस मुद्दे को अब और टाला नहीं जा सकता।

अंततः यह फैसला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन उसके सबसे कमजोर वर्ग के साथ किए गए व्यवहार से होता है। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक सुविधाएँ देना कोई उपकार नहीं, बल्कि एक संवैधानिक दायित्व है।

अब असली परीक्षा यह है कि यह निर्णय कागजों से निकलकर जमीन पर उतरता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल स्कूलों की तस्वीर बदलेगा, बल्कि उस सोच को भी बदलने की दिशा में निर्णायक कदम होगा, जो अब तक मासिक धर्म को अधिकार नहीं, बल्कि बोझ समझती आई है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव उड़ान 2026 का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

**सहारनपुर।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव उड़ान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई, चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, सचिव श्री संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीमती मुक्ता कुलश्रेष्ठ व डॉ अंजू वालिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान विष्णु के दशावतार पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक प्रस्तुति दी गई जिसे सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उक्त प्रस्तुति में प्रतिभाग करने वाले छात्रों में आयुषी, सानिया, अर्निका, नम्रता, अनुष्का ,राधिका, मानसी, मीनाक्षी, खिजर, वंश यादव, अजय, हेमंत रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन में उड़ान को विस्तृत रूप देते हुए बताया कि पंखों को खोल कर देखो जमाना तुम्हारी उड़ान देखता है, जमीन को ना देखो आसमान तुम्हारी उड़ान देखता है, और थककर कभी बैठ ना जाना तुम्हारी मेहनत का रंग पूरा जहां देखता है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के मुख्य अतिथि कमिश्नर सहारनपुर मंडल डॉ रुपेश कुमार व श्री मोहिंदर सिंह रहे। मुख्य अतिथि डॉ रूपेश कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई है। उन्होंने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था में छात्रों को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास किया जाता है। उन्होंने टॉपर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें बीबीए में राशि सिंघल, बीकॉम में श्वेता गर्ग ,बीएससी मैथ में मधु, बीएससी बायोलॉजी में भारत बोध, बीपीईएस में सिमरन कश्यप, बीए में अवनी तथा बी.एड में अंजली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी टॉपर छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल पाने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुति में काली तांडव, क्लासिकल डांस, शिव तांडव, गुजराती नृत्य, जलियांवाला बाग, भगत सिंह, पंजाबी भांगड़ा, भरतनाट्यम, हरियाणवी व बहुत सी प्रस्तुतियां दी गई। निर्णायक की भूमिका डॉ पूजा तोमर व श्रीमती मीनाक्षी काकरान ने निभाई। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




# जिलाधिकारी व एसपी ने किया पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर किरतपुर संत शिरोमणि रविदास जयंती आयोजन को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारी पैनी नजर रखे हुए रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा लाला में पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस मौके पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि जनपद में शांति सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनसएस द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद जिला बिजनौर को प्रथम दिवस आयोजित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनएसएस द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सोहैल-उर-रहमान तथा इब्राहिम सर उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की प्राचार्या शबाना परवीन , पर्यवेक्षक सुनील सर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं और रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस के महत्व से की उन्होंने साफ-सफाई अपनाने, कचरा सही स्थान पर डालने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज तथा शिक्षिकाएँ कैफुलवरा, मंताशा, शगुफ़्ता, मेहरीन, नसरीन, समीना, रिहाना खातून और उम्मुल वरा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही समस्त स्टाफ ने भी पूरे उत्साह और सहयोग के साथ भाग लिया। यह स्वच्छता अभियान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा और समाज में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। सभी उपस्थित अतिथियों ने स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नजीबाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर छात्रावासों का किया गया औचक रूप से निरीक्षण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर आज शाम तहसील बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत दो अम्बेडकर छात्रावासों का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम तिमरपुर स्थित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था समुचित न पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वहां पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। तदुपरांत उनके द्वारा ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया तथा यहां भी सफाई व्यवस्था सुचारु न पाए जाने पर उन्होंने संचालक को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान रखें और नियमित रूप से छात्रावासों की सफाई का बंदोबस्त करें। इसके अलावा उन्होंने दोनों छात्रावासों में फर्नीचर सही न पाए जाने पर निर्देशित किया कि छात्रावास में मानक के अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था करें ताकि यहां प्रवास करने वाले छात्रों को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत दोनों छात्रावास में पीआरडी के जवानों को तैनात करें ताकि अवांछित तत्व छात्रावास में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें। प्रवासी छात्रों द्वारा जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था की शिकायत करने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में बिजली की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए तथा गर्मी में यथासंभव इनवर्टर की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

# दिलीप चौहान वन रक्षक से बने वन दरोगा




**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** माल क्षेत्र में तैनात वनरक्षक दिलीप चौहान को वन विभाग ने वन दरोगा के पद पर पदोन्नत किया है। मंडलीय वन अधिकारी सुतांशु पांडेय,उप-मंडल अधिकारी चंदन चौधरी ने स्टार लगाकर बधाई दी।

डीएफओ सुतांशु पांडेय, एसडीओ चंदन चौधरी ने दिलीप चौहान को पदोन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दिलीप चौहान से अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की। दिलीप चौहान 2016 में वनरक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। उनकी पहली तैनाती मलिहाबाद,फिर रहीमाबाद वर्तमान समय में माल क्षेत्र में तैनात होकर अपनी सेवाएं दे रहे थे।दिलीप चौहान की इस पदोन्नति से उनके साथी वनकर्मियों, शुभचिंतकों और परिजनों में प्रसन्नता है।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन, मथुरा में सवर्ण समाज ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के तमाम संगठनों द्वारा बिल का विरोध किया गया। मथुरा के कृष्ण नगर से सवर्ण समाज के हजारों कार्यकताओं द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध में मार्च निकाला गया। विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा लेकिन सवर्ण समाज के हजारों लोगों की भीड़ बिल के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़ती रही। भारी संख्या में भीड़ के प्रदर्शन की वजह से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। मथुरा के तमाम थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया और प्रदर्शन को रोकने की कोशिश में जुट गया। विरोध प्रदर्शन में करणी सेना,क्षत्रीय समाज, राजपूत समाज, अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा,ब्राह्मण महासभा आदि तमाम संगठन के लोगों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शन को कृष्णा नगर में ही रोक लिया गया और सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेकर उन्हें आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन को शांत कर दिया गया। प्रदर्शन में क्षत्रिय करणी सेना के मंडल अध्यक्ष गोविंद राघव, जिलाध्यक्ष ठाकुर विजयपाल सिंह , करणी सेना प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह राजावत, जिला अध्यक्ष विजयपाल ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष लोकेश राघव, जिला संयोजक बजरंग दल राम तोमर, डॉ. सीताराम मैरौली, श्री राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी बाबू सिंह जादौन सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगठन मंत्री कुंवर विष्णु सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष बॉबी चौहान, सतपाल राजपूत, नमन ठाकुर, विपिन ठाकुर, गौ सेवक योगी राजपूत, दाताराम चौहान, विष्णु हिन्दुस्तानी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ज्योति ठाकुर, नेहा गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष तमन्ना किन्नर (किन्नर प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष) तथा क्षत्रिय करणी सेना सनातन प्रकोष्ठ मथुरा के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकाल कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** शहर के सुप्रसिद्ध अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शहर में एक भव्य ' *सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली* का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने आम जनता को यातायात के नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने के प्रति आम जनता को अपने नारों से जागरूक किया ।इस अवसर पर छात्राओं ने अपने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियां और बैनर ले रखे थे, जिन पर ₹*सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा*, *हेलमेट पहनना जरूरी है*₹, और ₹*यातायात नियमों का पालन करें*₹ जैसे प्रेरक नारे लिखे थे।

इस अवसर पर प्राचार्य जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। रैली कॉलेज से शुरू होकर, श्री जी बाबा आश्रम, पेट्रोल पंप, नजदीक जन्मभूमि आदि रास्तों से होते हुए वापिस कॉलेज पर समाप्त हुई। मार्ग में छात्राओं ने बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के चल रहे वाहन चालकों को विनम्रतापूर्वक नियमों का पालन करने का आग्रह भी किया ।इस अवसर पर ट्रेफिक हेड कांस्टेबल संतोष कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं द्वारा निकाली गई सड़क सुरक्षा रैली की सराहना की। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी निर्मल वर्मा, श्रीमती नूतन देहर, डॉ मनोरमा कौशिक एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे ।एनएसएस की स्वयंसेविकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ लेकर सुरक्षित सफर का संकल्प लिया।

# गौ माता को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा देने की माँग, बृज क्षेत्र में बढ़ती गौ हत्याओं पर गौ सेवक चिंतित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बे में बस अड्डे के समीप मैदान में गौ सेवकों ने ब्रज क्षेत्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ती गौ हत्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। गौ सेवकों ने कहा कि विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र के मेवात अंचल में गौ हत्याओं की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जो न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं पर भी सीधा प्रहार हैं। गौ सेवकों का कहना है कि भारत में गौ माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय जीवन मूल्यों की आधारशिला रही है। वेद, पुराण और शास्त्रों से लेकर जन-जीवन तक गौ माता को पूजनीय स्थान प्राप्त है। इसके बावजूद गौ हत्याओं का बढ़ना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। गौ सेवकों ने सरकार से दृढ़ माँग की है कि गौ माता को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही देशभर में गौ हत्या पर एक समान, कठोर और व्यापक कानून बनाया जाए, जिसमें इस जघन्य अपराध के लिए कठोरतम दंड का प्रावधान हो। गौ रक्षकों का कहना है कि ऐसा सख्त कानून लागू होना चाहिए, जिससे गौ हत्या का विचार भी कानूनी, सामाजिक और नैतिक रूप से अस्वीकार्य बन जाए और कोई भी व्यक्ति इस अपराध को करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत भूमि पर गौ हत्या पूर्णतः समाप्त होनी चाहिए। इस उद्देश्य से निकाली जा रही परिक्रमा अथवा जन-जागरण अभियान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि यह एक सशक्त सामाजिक संदेश है कि देश की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

सरकार को बिना किसी विलंब के कठोर कानून लागू करना चाहिए ताकि हर गोवंश की रक्षा सुनिश्चित हो सके और भारत में गौ माता की गरिमा अक्षुण्य बनी रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चंद्रशेखर बाबा, बवंडर बाबा, भरत गौतम, पंकज ठाकुर, सोनू ठाकुर, शैलेन्द्र जी, श्रेयस, धीरज और अन्य गौ भक्त उपस्थित रहे।

# श्री वैष्णो देवी वदति संकीर्तन मंडल द्वारा 26 वा वार्षिक उत्सव मनाया

**वेलकम इंडिया**



**मुरादाबाद।** नगर के बुद्धि विहार वार्ड 16 मे श्री वैष्णो देवी वदति संकीर्तन मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति 26 वा वार्षिक उत्सव बुद्धि विहार पार्क से बैंड बाजे की भक्ति धुन पर मुख्य सेवादार सरदार जगजीत सिंह के द्वारा नारियल फोड़कर शोभायात्रा का प्रारंभ किया गया। 26 वे स्थापना दिवस पर 26 महिलाएं पीतांबर वस्त्र पहने हुए सर पर सुंदर सजे हुए कलस लिए चल रही थी शोभायात्रा बुद्ध विहार के क्षेत्र में होली चौक, जोहरी मेडिकल चौक, डीपी यादव चौराहा, आर्यन स्कूल होते हुए तालाब के सामने श्री बुआ मंदिर पर जाकर के संकीर्तन एवं आरती के बाद संपन्न हुई। शोभा यात्रा में यूपी आगरा बंद बैलगाड़ी में रखी माता रानी के चरणों में पुरोहित रमेश चंद्र शर्मा एवं अवधेश शर्मा चंदन का तिलक लगाते हुए प्रसाद वितरण करते चल रहे थे। शोभा यात्रा का नेतृत्व रणजीत सिंह, ममता साराभाई, विनीत सक्सेना, मनीष टंडन, शशि शर्मा, शालू अरोड़ा, संगीता, छाया, पिंकी, पारुल, कविता, सहगल आदि ने सहयोग किया मार्ग के शोभायात्रा की व्यवस्था में राजेश सहगल, किशन आहूजा, विजय सागर, सुशील सक्सेना, राजकुमार सक्सेना, संदीप मेहता, मनीष त्यागी, कमल उप्पल, चरणजीत, बॉबी सक्सेना, अनिल यादव, हरिओम, अविनाश गुप्ता, सुनील माथुर, श्रद्धा शर्मा, अप सोनी, रश्मि शर्मा, विदुषी शर्मा, नवम शर्मा, अतुल जोहरी का आदि का सहयोग रहा।

शोभायात्रा में तृप्ति प्रमाण के ब्यूरो चीफ पंडित शरद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे शोभा यात्रा के बाद अगले दिन कीर्तन एवं भंडारा एवं वादड़ती के चरणों में सपना आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# औरंगाबाद पुलिस ने पकडे पांच शातिर विद्युत तार चोर

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** औरंगाबाद पुलिस को उस समय एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब उसने पांच शातिर तार चोरों को मय चोरी का तार,तार काटने के औजार, अवैध असलहा और एक पिकअप सहित दबोच लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई स्वाट टीम की मदद से की। बंदी बनाये गये सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक तार चोर गिरोह गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामनरायण सिंह मय पुलिस बल राजगढ़ी मुक्तेसरा मार्ग पर वाहन चैकिंग में जुट गये। स्वाट टीम को भी बुला लिया गया ।एक पिकअप डी एल 9389 गुजरी तो चैकिंग के लिए रोका गया। गाड़ी से उतरकर बदमाश भाग निकले पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को दबोचकर तलाशी ली तो गाड़ी में साढ़े तीन कुंटल लगभग विद्युत तार बरामद किया गया। तलाशी लेने पर दो नाजायज तमंचे मय जिंदा कारतूस तीन चाकू,कटर रस्सी बंडल, आदि बरामद किए गए। अभियुक्तों ने पूछताछ में पुलिस को अपने नाम सुरेंद्र सिंह पुत्र चंदी सिंह लोधी निवासी नंगला आलमपुर थाना खानपुर , जयदीप पुत्र ब्रजपाल मलिक अतलपुर थाना किठौर मेरठ, सतीश पुत्र नेमपाल लोधी बिहरा थाना अगौता ,विजय पुत्र उदयवीर मल्लाह निवासी लक्ष्मी गार्डन लोनी गाजियाबाद, तथा रविन्द्र पुत्र रनवीर निवासी ततारपुर थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर बताये।

# बागेश्वर पुलिस ने महिला के असली दस्तावेजों में एडिटिंग कर फर्जी तरीके से लोन लेने वाले गिरोह का किया पदार्फाश

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,**गोविन्द मेहता,लगभग पौने दो साल पूर्व बागेश्वर पुलिस में फर्जी तरीके से एक महिला के आधार कार्ड और पैन कार्ड में एडिटिंग कर गलत फोटो और पता लगवाकर निजी फाइनेंस कम्पनी से फर्जी तरीके से एक लाख तीस हजार नौ सौ रुपए का गबन करने वाले गिरोह को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है।कोतवाली पुलिस में एक महिला ने अज्ञात गिरोह द्वारा आधार कार्ड, और पैन कार्ड में फर्जी तरीके से एडिटिंग कर फाइनेंस कंपनी से लोन लेने,और बैंक खाते से लोन लेकर पैसे निकाले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई।बागेश्वर निवासी वरिजा त्रिपाठी पुत्री एमआर त्रिपाठी द्वारा कोतवाली बागेश्वर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी जानकारी तथा अनुमति के बिना आधार कार्ड व पैन कार्ड का क्लोन बनाकर आधार और पैन कार्ड में एडिटिंग कर फर्जी दस्तावेज बनाकर डीएमआई फाईनेन्स कंपनी से फर्जी तरीके से लोन लिए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें स्वयं के युनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते से बैंक लोन वसूली होने, साथ ही ऑनलाइन सैमसंग कम्पनी का एक अल्ट्रा एस-23 मोबाईल फोन क्रय किए जाने की प्राथमिकी दर्ज हुई।वादिनी की तहरीर के आधार पर कोतवाली बागेश्वर में भादवि 41/2024 धारा 420 का मुकदमा दर्ज किया गया।अपराध की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक,चन्द्रशेखर घोड़के के कुशल निर्देशन में व पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर के पर्यवेक्षण में और कोतवाल अनिल उपाध्याय को अभियोग के कुशल अनावरण हेतु जांच के निर्देश दिए।जिसके बाद कोतवाली में तैनात तेजतर्रार उपनिरीक्षक मनोहर चन्द को विवेचना सौंपी गई। विवेचना करते हुए एसआई मनोहर चंद ने पूरी मेहनत लगन का परिचय देते हुए मामले की गहन विवेचना कर साईबर सैल के सहयोग से फर्जी तरीके से दस्तावेजों में एडिटिंग कर आधार कार्ड व पैन कार्ड का प्रयोग कर फाईनेन्स से फर्जी तरीके से लोन लेने वाले गिरोह का पदार्फाश करने में सफलता पाई है।लंबी जद्दोजहद के बाद मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। फ्राड करने वाले अभियुक्तों के गिरोह द्वारा एक लाख तीस हजार नौ सौ बत्तीस रुपये का लोन लेकर अल्ट्रा एस-23 मोबाईल फोन सहित खाते से धनराशि भी लोन के माध्यम से ले ली थी।विवेचक एसआई मनोहर द्वारा लगातार उक्त गिरोह को अपने शिकंजे में लेने हेतु लंबे प्रयासों के बाद अभियुक्त रविन्द्र ढाका पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ढिकौली बागपत यूपी,और ज्योति पत्नी रविन्द्र ढाका, मुख्य अभियुक्त रबीन्द्र ढाका का साला अंकित कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी यमुनोत्री इन्कलेव चन्द्रबनी फेस-2 चौकी आईएसबीटी थाना पटेलनगर देहरादून, जौनी पुत्र बलवन्त सिंह निवासी ग्राम ककराला थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश, अंकित पुत्र कृष्णपाल निवासी यमुनोत्री कॉलोनी फेस 2 सेवाकला चंद्रमणि रोड थाना पटेल नगर देहरादून, रोहित अग्रवाल पुत्र प्रेम चन्द्र अग्रवाल निवासी मैली रोड जनपद सहारनपुर उ०प्र० के विरुद्ध गहनता से जांच की।

# रामानन्द आश्रम में श्रद्धा और भक्ति के साथ मना रामानन्दाचार्य जयंती महोत्सव, भंडारे के साथ हुआ समापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।**गिरिराज महाराज की पावन तलहटी में आन्यौर परिक्रमा मार्ग पर स्थित रामानन्द आश्रम में महान संत एवं वैष्णव परंपरा के प्रवर्तक जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य जी की जयंती के अवसर पर आयोजित महोत्सव का आज सोमवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भंडारे के आयोजन द्वारा समापन किया गया। महोत्सव के दौरान आश्रम परिसर में प्रातःकाल से ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ, पूजन-अर्चन, संकीर्तन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।इन आयोजनों में दूर-दराज से आए साधु-संतों, भक्तों एवं परिक्रमार्थियों ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, आस्था और अध्यात्म से ओतप्रोत दिखाई दिया।

इस अवसर पर आश्रम संचालक संत श्री राम अनुग्रह दास महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लजगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य जी ने समाज में भक्ति आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाया और जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर सबको भगवान की भक्ति का अधिकार दिया।उनका जीवन त्याग, सेवा और समता का प्रतीक है। आज के समय में उनके विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है।ह्वलउन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि समाज को एकता और सद्भाव के सूत्र में भी बाँधते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं परिक्रमार्थियों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आश्रम प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएँ की गई थीं। समूचा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## प्लॉट बेचने के नाम पर पांच लाख की ठगी, विरोध करने पर दांत तोड़ने का आरोप

**कांधला ।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी अब्दुल्ला पुत्र अब्बास ने थाने पर तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है और उसने अपने साथ गांव के ही अनीस पुत्र गुलजार को काम पर रखा हुआ था। आरोप है कि अनीस ने प्लॉट बेचने के नाम पर किसी व्यक्ति से धोखाधड़ी करते हुए पांच लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए। जब इस बात की जानकारी पीड़ित अब्दुल्ला को हुई तो उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरोपी अनीस ने पीड़ित के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की, जिसमें पीड़ित के दांत टूट गए।घटना के बाद पीड़ित ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया और थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने विश्वासघात करते हुए न केवल आर्थिक धोखाधड़ी की, बल्कि जानलेवा हमला भी किया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मौसम परिवर्तन सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही अस्पताल परिसर में महिला, पुरुष एवं बच्चों की लंबी कतारें लगी रहीं। अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द व वायरल संक्रमण जैसी मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।अस्पताल में बढ़ती भीड़ को देखते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीजों का क्रमवार उपचार किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों दिन–रात के तापमान में लगातार बदलाव हो रहा है, जिसके कारण सर्दी–जुकाम, वायरल फीवर और अन्य संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों व बुजुर्गों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा, मौसम में हो रहे बदलाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को ठंडी–गर्म चीजों से परहेज करना चाहिए, साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें और पर्याप्त मात्रा में गर्म पानी का सेवन करें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर लापरवाही न करें और तुरंत अस्पताल आकर जांच कराएं।उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और मरीजों को नि:शुल्क उपचार व दवाइयां दी जा रही हैं।

## सरकारी अस्पताल में टीकाकरण व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में टीकाकरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टीकाकरण अधिकारी डॉ. गुंजन सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित टीकाकरण केंद्र की व्यवस्थाओं, वैक्सीन भंडारण, रजिस्टर संधारण तथा लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया।निरीक्षण उपरांत डॉ. गुंजन सिंह ने अस्पताल में तैनात एएनएम एवं आशा कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम को शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया तथा शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित टीकाकरण के साथ–साथ छूटे हुए लाभार्थियों को चिह्नित कर समयबद्ध रूप से टीकाकरण कराने के भी निर्देश जारी किए।डॉ. गुंजन सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीकाकरण कार्य में तेजी लाने, जन–जागरूकता बढ़ाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह द्वारा अस्पताल में टीकाकरण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण एवं संतोषजनक पाए जाने पर टीकाकरण अधिकारी ने उनकी प्रशंसा करते हुए पीठ थपथपाई। इस दौरान सरकारी अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गांव में बसती है भारत वर्ष की आत्मा भाजपा इसे कुचलना चाहती है:प्रज्ञा गौड़

वेलकम इंडिया




**अहमदगढ़/बुलंदशहर/**रविवार को विधानसभा क्षेत्र डिबाई के गांव कनहेरा के सामुदायिक भवन पर प्रज्ञा गौड़ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा बचाओ संग्राम के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत से जुड़े जॉब कार्ड धारक मजदूर सम्मिलित रहे। चौपाल को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ ने केंद्र सरकार पर मनरेगा में बदलाव के बहाने भारत के गांव को कमजोर कर ग्राम प्रधानों को मिले अधिकार से भी वंचित करने का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधानों द्वारा खुली बैठक में प्रस्ताव पास कर मनरेगा के माध्यम से डाली जाने वाली चक्र व विकास पर भी वर्तमान बिल में कटौती करने के साथ-साथ मजदूर को मिले 100 दिन की गारंटी रोजगार से वंचित कर किसान नौजवान की तरह से गांव गरीब को खत्म करना चाहती है भाजपा मजदूर से कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान से जोड़ने का आह्वान किया चौपाल को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष में कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने केंद्र सरकार भाजपा द्वारा मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे विचारधारा को आत्मसात करने के साथ-साथ किसान व नौजवानों तथा छोटे व्यापारियों को बर्बाद करने के बाद मजदूरों के पेट पर लात मारना चाहती है सरकार मजदूरों से कांग्रेस के 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चल रहे चौपाल के बाद कलेक्ट्रेट के हिसाब विधानसभा घेराव व संसद घेराव के माध्यम से मनरेगा बढ़ाने की भूमि में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ जुड़ने का आह्वान किया बैठक की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा व संचालन पूर्व जिला सचिव रविंद्र लोधी ने किया चौपाल में प्रदीप राघव प्रधान पति, रामफल, प्रेम , शीशपाल जाटव, सुरेंद्र ,पप्पन, देवेश आदि सम्मिलित रहे।

## चाचा पर धारदार हथियार से वार करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

बागेश्वर,कांडा तहसील के थर्प गांव में पारिवारिक कलह के चलते भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में परिजनों द्वारा उन्हें सीएचसी कांडा में भर्ती किया है। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कांडा थानाध्यक्ष दिनेश पंत ने बताया कि कांडा के थर्प गांव निवासी सागर नगरकोटी पुत्र बचे सिंह नगरकोटी ने शनिवार की रात 12 बजे करीब आपसी विवाद के चलते अपने चाचा गोपाल सिंह नगरकोटी पर धारदार हथियार से वार कर दिया।इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद गांव में कोलाहल मच गया।खूनी संघर्ष को देख ग्रामीण भयभीत हो गए।जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा तत्काल घायल को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडा में भर्ती किया गया। 112 से मिली सूचना के बाद कांडा पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर एसओजी टीम के साथ आरोपी कोगांव के समीप के जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। जहां आरोपी हमलावर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## फिल्म अभिनेता राजपाल यादव को मदर टेरेसा इंटरनेशनल अवॉर्ड, सामाजिक सरोकारों को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

सनी कुमार केसरवानी संवाददाता



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के चर्चित एवं लोकप्रिय अभिनेता राजपाल यादव को उनके उत्कृष्ट कला योगदान के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को समर्पित कार्यों के लिए मदर टेरेसा इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एक भव्य समारोह में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजपाल यादव ने अपने अभिनय के माध्यम से न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश देने का भी कार्य किया है।हास्य, संवेदना और यथार्थ के संतुलन से सजी उनकी भूमिकाएं आज भी लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए अभिनेता राजपाल यादव ने कहा कि मदर टेरेसा जैसे महान नाम से जुड़ा यह पुरस्कार उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकताओं, कला जगत की हस्तियों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यह सम्मान समारोह समाज सेवा, मानवता और कला के संगम का प्रतीक बनकर उभरा।

## मीडिया क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अजय चौधरी को मीडिया आइकन अवार्ड

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ।** एस्थेटिक इंटरनेशनल द्वारा मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मीडिया हेड अजय चौधरी को प्रतिष्ठित ह्यमीडिया आइकन अवार्ड 2026ह्व से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें मीडिया एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में एस्थेटिक इंटरनेशनल के फाउंडर तन्मय शर्मा तथा एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विष्णु शरण ने संयुक्त रूप से उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि अजय चौधरी पिछले 17 वर्षों से पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। वे उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स, संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष हैं, साथ ही मेरठ से उपज पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष भी हैं। अपने उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें अब तक 100 से अधिक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल तथा एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम के सीईओ रेहान अहमद ने अजय चौधरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अवैध रूप से वोट काटे जाने को लेकर समाजवादियों ने ए डी एम को सोंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** लोकतंत्र की हत्या और विपक्षी मतदाताओं के वोट काटने के बड़े षड्यंत्र के खिलाफ सोमवार को समाजवादी पार्टी के विभिन्न फ्रंटल संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरी। मुन्ना मलिक (पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर एडीएम एफआर पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपा और साक्ष्यों के साथ बताया कि किस तरह जनपद में लोकतंत्र की गरिमा को तार-तार किया जा रहा है।मुन्ना मलिक ने कड़े शब्दों में कहा, ₹मथुरा की बलदेव विधानसभा के गांव ओल समेत कई क्षेत्रों में सैकड़ों फॉर्म-7 बीएलओ को उपलब्ध कराए गए हैं।एक ही व्यक्ति द्वारा एक ही जाति और धर्म विशेष के लोगों के नाम कटवाने के लिए प्रशासन पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। यह सीधे तौर पर वोट की डकैती है जिसे समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेंगे। राघवेंद्र प्रताप (पूर्व जिला अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड) ने कहा, ₹मथुरा में लोकतंत्र की हत्या का बड़ा षड्यंत्र रचा गया है। अज्ञात लोगों के जरिए फर्जी हस्ताक्षर कर थोक में फॉर्म भरे जा रहे हैं। हमने एडीएम एफआर पंकज कुमार से मांग की है कि इन फर्जी फॉर्मों को तुरंत निरस्त कर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। पवन चौधरी (पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी लोहिया वाहिनी) ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा, ₹चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। बिना भौतिक सत्यापन के किसी का नाम काटना असंवैधानिक है। सत्ता के दबाव में विपक्षी विचारधारा वाले मतदाताओं को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। इमरान अब्बास (महानगर अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड) ने कहा, ₹चोरी-छिपे और दुबककर वोट काटने का यह खेल अब जनता के सामने आ चुका है।हमने पूरी घटना और साक्ष्यों से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को भी अवगत करा दिया है।?सतीश पटेल (पूर्व महानगर अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड) ने जोर देते हुए कहा, ₹लोकतंत्र में हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। अगर प्रशासन ने इन फर्जी आवेदनों पर रोक नहीं लगाई और न्याय नहीं मिला, तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी लोहिया वाहिनी के महानगर महासचिव रवि दिवाकर, पूर्व जिला महासचिव लोहिया वाहिनी सैयद शाहिद अल्वी, सहित आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाराणसी में सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा से प्रेसवार्ता के दौरान विशेष उद्देश्यों को लेकर हुई वार्तालाप

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** वाराणसी में सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा चयनित बच्चों का कैलेंडर लॉन्च भारत माता मंदिर विद्यापीठ में आयोजित प्रतिभाशाली बच्चों के कैलेंडर लॉन्च एवं सम्मान समारोह से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने कहा कि ह्लगरीब और जरूरतमंद बच्चों को सपोर्ट करना और उन्हें आगे बढ़ाना मेरा संकल्प है।मैं चाहती हूं कि संस्था से जुड़े बच्चे मॉडलिंग की दुनिया को समझें और उसमें अपनी पहचान बनाएं।हर बच्चे के मन में कुछ बनने की इच्छा होती है, लेकिन जानकारी के अभाव में कई सपने अधूरे रह जाते हैं। अगर माता-पिता, संस्था और समाज मिलकर सहयोग करें, तो हर बच्चा आगे बढ़ सकता है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी बच्चों को मॉडलिंग और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए वह निरंतर सहयोग करती रहेंगी। ह्लजो बच्चे लगातार मेहनत कर रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाना और उनकी अलग पहचान बनाना ही मेरा उद्देश्य है। जहां तक संभव होगा, मैं इन बच्चों को पूरा सहयोग देती रहूंगी और मैं हमेशा एक कवच की तरह उनके साथ रहूंगी। मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने प्रेसवार्ता में बताया कि टीटीएफ फाउंडेशन के प्रतिभाशाली बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित गरिमामय एवं प्रेरणादायक कैलेंडर लॉन्च एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। किसी संस्था के बच्चों का प्रकाशित कैलेंडर पहली बार वाराणसी में लॉन्च किया गया था इस विशेष अवसर पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा उनके सपनों को नई दिशा देना रहा। कैलेंडर में चयनित बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया था जिससे बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलकती नजर आई।

## पुलिस उपायुक्त के आदेश पर एक के खिलाफ एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने पुलिस उपायुक्त के आदेश पर रविवार की देर रात एक के खिलाफ एससी/एसटी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बहेड़वा गांव निवासी आकाश कुमार गोंड ने पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीते 5 जनवरी 2025 को जब में अपना फेसबुक चालू किया तो देखा कि गांव का ही पवन कुमार मिश्रा फेसबुक पर ऑनलाइन होकर मुझे भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देते हुए लंगड़ा बोल रहा था और जान से मारने की धमकी दे रहा था व जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग कर रहा था।पुलिस उपायुक्त के आदेश पर बहेड़वा गांव निवासी पवन कुमार मिश्रा कर खिलाफ मिजार्मुराद पुलिस ने एससी/एसटी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर दी।

# एमआईईटी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, मवाना रोड में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठों को भावभीनी विदाई देते हुए स्नेह और सम्मान का भाव व्यक्त किया।समारोह के दौरान कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उल्लासपूर्ण और भावनात्मक बन गया। हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और सहपाठियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर यशस्वी को मिस एमआईईटी तथा कुंज को मिस्टर एमआईईटी चुना गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यार्थियों ने भी विद्यालय के प्रति अपने भावुक अनुभव साझा कर कृतज्ञता व्यक्त की।

विद्यालय के चेयरमैन विष्णु शरण ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या रूपाली सहगल ने बोर्ड परीक्षा एवं जीवन के आगामी चरण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। समारोह में उपप्रधानाचार्या एकता सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

# अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर विवाहिता द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्र पर सोमवार को ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ली।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के अरका कंशरायपुर गांव निवासिनी विवाहिता रेखा बिन्द की शादी बड़ागांव थाना क्षेत्र के औसानपुर गांव निवासी बृजेश कुमार उर्फ विजय कुमार के साथ बीते 2019 में 8 जून को हुई थी।विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद पति शराब के नशे में आए दिन आकर मारने-पीटने लगा और भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देना लगा।वही ससुराल में सास, ससुर समेत अन्य लोग दहेज में पांच लाख रुपया की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे और बोले कि जबतक दहेज में पैसा नही मिलेगा तबतक तुमको रहने नही दूंगा।इसी बीच 2023 में पति से एक पुत्र पैदा हुआ।उसके बाद भी ससुराल के लोगों का उत्पीड़न बंद नही हुआ।ससुराल के लोग मारपीट कर 2024 में 14 अगस्त को एक साड़ी और बच्चे के साथ मायके में गांव के बाहर छोड़कर भाग गए।रिश्तेदारों के पंचायत के बाद पुनः ससुराल गई लेकिन पति व ससुराल वालों का अत्याचार कम नही हुआ।

मिजार्मुराद पुलिस ने विवाहिता के तहरीर पर पति बृजेश कुमार उर्फ विजय कुमार, ससुर कांता बिन्द, सास जड़ावती देवी, जेठ कैलाश बिन्द व भीम प्रसाद, जेठानी नीतू देवी व राधिका देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।

# छात्र हत्याकांड प्रकरण, गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन


वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में दिनदहाड़े कक्षा 12 के छात्र की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव को दफनाने से मना कर दिया। इस दौरान पुलिस और कैराना विधायक नाहिद हसन के बीच घंटों तक वार्ता चली। बाद में थाना प्रभारी द्वारा मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो दिखाए जाने पर परिजन माने और शव को सपुर्द-ए-खाक किया गया।गांव इस्सोपुरटील निवासी सलीम का 18 वर्षीय पुत्र अरशद गांव के मुरली मनोहर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। गत रविवार को अरशद को उसके दोस्त विराट का फोन आया, जिसके बाद विराट उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। करीब आधे घंटे बाद बोड्डा रोड पर एक दुकान के बाहर अरशद का खून से लथपथ शव पड़ा मिलने की सूचना मिली। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि अरशद की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। शव के पास ही एक तमंचा भी पड़ा मिला।घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और डायल 112 पुलिस की मदद से शव को कस्बे के सरकारी अस्पताल भिजवाया। वहीं सीओ कैराना हेमंत कुमार व एएसपी सुमित शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। छात्र की हत्या की सूचना पर सपा विधायक नाहिद हसन भी थाने पहुंचे और पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।मृतक के पिता सलीम ने गांव के ही हिमांशु, कार्तिक, विराट व लगन सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव को देखते ही महिलाओं में कोहराम मच गया और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए और शव दफनाने से इनकार कर दिया। सूचना पर विधायक नाहिद हसन भी गांव पहुंचे। काफी देर तक पुलिस और विधायक के बीच वार्ता चलती रही, लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो भीड़ और विधायक को दिखाए। तब जाकर परिजन शांत हुए और शव को कब्रिस्तान ले जाकर सपुर्द-ए-खाक किया गया।

# हर वर्ग के लिए कल्याणकारी हैं बजट : अखंड प्रताप सिंह

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण व विश्वास का बजट है।बजट में जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई हैं।लोक कल्याणकारी बजट हैं।हर वर्ग को सौगात मिली हैं।गंभीर रोगों की महंगी दवाईयों को सस्ता कर इनकम टैक्स में छूट की सीमा बढ़ा दी गयी।किसानों व व्यापारियों को लाभ मिलेगा।देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी और नए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार मिला हैं।बजट में वाराणसी की सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्ता को विशेष रेखांकित किया गया हैं।ऐसे जनकल्याणकारी और मानवीय बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार।

# पाकिस्तानी नंबर से धमकी, साइबर पुलिस से की शिकायत

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी युवक को पाकिस्तानी मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय और दहशत का माहौल है। गांव सुन्ना निवासी युवक अभय पुत्र रविचंद्र ने बताया कि विगत 27 जनवरी की सुबह करीब 11:05 बजे पीडित के मोबाइल पर एक अज्ञात विदेशी नंबर +923097821960 से कॉल आया। कॉल उठाते ही दूसरी ओर से अज्ञात व्यक्ति ने अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पहले बदतमीजी की और फिर अभय हुड्डा तथा उनके पूरे परिवार को जान से मारने की सीधी धमकी दे डाली। धमकी भरे शब्दों से परिवार गहरे मानसिक दबाव में आ गया।पीड़ित अभय हुड्डा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को साइबर सेल और पुलिस प्रशासन को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने शिकायत में बताया कि कॉल करने वाला नंबर पाकिस्तान के कंट्री कोड से जुड़ा हुआ है, जिससे किसी सीमा पार से संचालित साजिश या संदिग्ध गतिविधि की आशंका जताई जा रही है।युवक ने पुलिस को धमकी भरे कॉल से जुड़े सभी साक्ष्य और स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराए हैं। साइबर सेल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# दारूल उलूम हुसैनिया में सालाना जलसा आयोजित, चार बच्चों की हुई दस्तारबंदी

वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे में स्थित मदरसा दारूल उलूम हुसैनिया गढ़ी मियाँ में सोमवार को सालाना जलसे का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर चार होनहार बच्चों की दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। जलसे में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

जलसे को खिताब करते हुए मौलाना सलमान बिजनोरी, मुफ्ती इमरान देवबंद, मौलाना आफताब, मौलाना इमरानुल्लाह, हजरत मौलाना अकील साहब (गढ़ी दौलत), मौलाना कुरबान (दिल्ली) एवं मौलाना वासिल साहब ने इस्लामी तालीम और सामाजिक सुधार पर रोशनी डाली। हजरत मौलाना आकिल साहब ने अपने संबोधन में कहा कि आज का मुसलमान शादियों में फिजूलखर्ची कर रहा है और दहेज जैसी कुरीति समाज में बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाना और फिजूलखर्ची से बचना समय की जरूरत है। उन्होंने आगे फरमाया कि इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलने में ही भलाई है। इस्लाम में हिंसा करने वालों की कोई जगह नहीं है, क्योंकि इस्लाम अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। दुआ के दौरान पूरा माहौल रूहानी हो गया और मौजूद लोगों ने आमीन कहकर दुआ में शिरकत की। उलेमाओ ने कहा कि कुरआन की हिफाजत करने वाले बच्चे समाज की अमानत हैं और उनकी दस्तारबंदी माता-पिता व उस्तादों की मेहनत का नतीजा है। इस दौरान मुस्लिम समाजके सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# टूनामेंट : क्रिकेट बना युवाओं के सपनों का मैदान : दयालु मिश्रा

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** सेवापुरी विकासखंड क्षेत्र के कपसेठी स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के मैदान में पूर्व भाजपा एमएलसी स्व.उदयनाथ उर्फ चुलबुल सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पूर्वाहन प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व मंत्री दयालु मिश्र ने स्व. चुलबुल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन कर कहा कि वे समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उनके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हम सभी के लिए मार्गदर्शक है और उनकी स्मृतियाँ हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगी। श्री मिश्र ने उद्घाटन के दौरान पिच पर मौजूद खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दयाल मिश्रा ने कहा कि क्रिकेट देश का सबसे लोकप्रिय खेल है, ये खेल इन दिनों युवाओं के सपनों का मैदान बन चुका है। यह खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करता है। क्रिकेट टूनामेंट समारोह के अति विशिष्ट अतिथि सैयदराजा के भाजपा विधायक सुशील सिंह ने अपने स्व.पिता पूर्व एमएलसी चुलबुल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वे भावुक दिखाई दिए और कहा कि उनका स्नेह, संस्कार और मार्गदर्शन सदैव जीवन में प्रेरणा देता रहेगा। उद्घाटन समारोहक को संबोधित करते हुए विधायक सुशील सिंह ने कहा कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है। इस प्रकार के टूनामेंट युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं।

# सीए से संन्यास तक का सफर: माघ मेले में चर्चा का केंद्र बने स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में जहां आईआईटी बाबा सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे, वहीं इस बार संगम नगरी प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र के समापन अवसर पर एक युवा संन्यासी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। चर्चा का कारण उनका संन्यासी होना नहीं, बल्कि उनका उच्च शैक्षणिक बैकग्राउंड है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की पढ़ाई पूरी करने के बाद संन्यास की राह चुनने वाले 32 वर्षीय स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज इन दिनों माघ मेले में श्रद्धालुओं और संत समाज के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

पांच भाषाओं– हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, ब्रज और गढ़वाली –में दक्ष स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज बीते सात वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में 280 से अधिक श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराम कथा का वाचन कर चुके हैं। मथुरा जनपद के सिसोली गांव निवासी स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज तीन भाइयों में एक हैं। बचपन से ही मेधावी रहे गोपाल ने सीबीएसई बोर्ड से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की, इसके बाद दिल्ली से चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की। उनके जीवन की दिशा उस समय बदली जब वे ब्रज क्षेत्र में जगदगुरू स्वामी कृष्णाचार्य महाराज की श्रीमद्भागवत कथा सुनने पहुंचे। कथा के दौरान गुरु के शब्द– ह्लब्रज के लोगों, अपने भीतर की शक्ति को पहचानोह्व –ने उनके जीवन को नई राह दे दी। हालांकि परिवार ने उन्हें रोकने का भरसक प्रयास किया, लेकिन गोपाल ने धर्म पथ पर चलने का दृढ़ संकल्प ले लिया। इसके बाद उन्होंने जगदगुरू स्वामी कृष्णाचार्य महाराज से दीक्षा ली और संन्यास धारण कर स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज बने। संन्यास के पश्चात उन्होंने अयोध्या से आचार्य, हरिद्वार से शास्त्री तथा जगदगुरू स्वामी विद्या भास्कर महाराज से वेदों का गहन अध्ययन किया। वर्ष 2019 से उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराम कथा का नियमित वाचन प्रारंभ किया। स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज के अनुसार, बीते सात वर्षों में उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, असम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड सहित कई राज्यों में कथाएं की हैं।

# विद्यालय के द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस इकाई द्वारा तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगेह्व के साथ हुआ।शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल के आसपास पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई की गई तथा स्वच्छता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मिशन शक्ति फेज 5.0 पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाने की महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं उपनिरीक्षक सुनील त्यागी ने मिशन शक्ति की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने वीमेन पावर लाइन (1090), साइबर हेल्पलाइन (1930), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), महिला हेल्पलाइन (181), गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन (102), एम्बुलेंस सेवा (108), चाइल्ड लाइन (1098), अग्निशमन सेवा (101) तथा पुलिस आपातकालीन सेवा (112) के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही बताया कि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक भी 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। अंत में एंटी रोमियो स्क्वॉड के बारे में जानकारी दी गई।

शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# नवागत एडीओ पंचायत ने पदभार किया ग्रहण, प्रधान संघ ने बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर किया अभिनंदन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के नवागत एडीओ पंचायत के रूप में संजय पटेल ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डाक्टर पवन मिश्रा शोहरतगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधियों के साथ नवागत एडीओ पंचायत संजय पटेल को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत एडीओ (पं०) संजय पटेल ने कहा कि जो भी कार्य पंचायत विभाग अथवा जिला पंचायत द्वारा सौंपी जाएगी उसे समयबद्ध तरीके से करने की प्राथमिकता रहेगी तो वहीं प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डाक्टर पवन मिश्रा ने कहा कि सचिव कुंवर कन्नौजिया कई ग्राम पंचायत के सचिव होने के बाद एडीओ पंचायत का कार्य देख रहे थे। निश्चित रूप से इस समय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर काफी लोड है। गांव के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के नकल देना है।ऐसे में इनके ब्लॉक पर ज्वाइन करने पर निश्चित रूप से विकास में गति आएगी।लोगों के परिवार रजिस्टर नकल, जन्म प्रमाण पत्र जारी करने आदि कार्यों में तेजी आएगी।

विदित हो अब तक प्रभारी एडीओ पंचायत के रूप में सचिव कुंवर कन्नौजिया कार्य कर रहे थे। उनके पास एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी के साथ-साथ ग्राम पंचायतों के विकास कार्य की जिम्मेदारी थी। ऐसे में एस.आई.आर. सहित पंचायत विभाग के अन्य कार्य को लेकर भी जिम्मेदारियां बढ़ी हुई थी।जिसको लेकर अब नवागत एडीओ (पं०) के रूप में संजय पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है, जिससे लोगों कि ऑफिसियल परेशानी कम हो सकती है। इस दौरान सचिव रामस्वरूप गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि शिवशंकर चौधरी, ग्राम प्रधान शिवलाल प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि यार मोहम्मद, ग्राम प्रधान अजय मिश्रा, रोजगार सेवक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष विजय दूबे, ब्लॉक कर्मी मनीष वर्मा, पिंकू उपाध्याय, सुखदेव सहित आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बीएलओ के साथ पीटकर के मामले मे प्रधान समेत छह पर केस दर्ज

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा अलीदापुर में बीएलओ विजय कुमार को ग्राम प्रधान पंकज चौबे और उनके सहयोगी पर दबाव बनाकर मतदाता सूची में गड़बड़ी करवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर कमरे में बंद कर शराब छिड़ककर मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घायलावस्था में परिजन अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मामले को लेकर नाराज बीएलओ के परिजन, क्षेत्र के बीएलओ, शिक्षा मित्र, शिक्षकों ने तहसील पर धरना देकर एसडीएम से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रधान समेत चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चिल्हिया पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीतारामपुर टोला बनकटवा दक्षिणी निवासी विजय कुमार गौरा बाजार बूथ संख्या-45 में बीएलओ के रूप में तैनात हैं। वे मकनपुर विद्यालय में शिक्षामित्र हैं। बीएलओ द्वारा एसआईआर के तहत डुप्लीकेट मतदाता सूची का प्रकाशन, मिलान, सत्यापन, पात्रों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने आदि कार्य के लिए गावं में गए हुए थे। आरोप है कि गांव के प्रधान पंकज चौबे अपने साथियों के साथ मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने का दबाव डालने लगे। मना करने पर कमरे में बंद करके मारपीट की, उस पर शराब छिड़की गई और उनकी जेब में कुछ डालकर पुलिस बुलाकर फंसाने का प्रयास किया गया। साथ ही उसके सिर पर कुछ सटाकर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की जानकारी होने पर बीएलओ के परिजन घायलावस्था में अस्पताल ले जाकर इलाज कराने में लग गए। हालत नाजुक होने पर घायल बीएलओ को मेडिकल कॉलेज में भर्ती भी कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। एसएचओ चिल्हिया राजेश गुप्ता ने बताया कि अलीदापुर परैया निवासी पंकज चौबे, संजय चौबे, वेद प्रकाश, शैलेंद्र यादव और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर छानबीन की जा रही है।

# गुनाहों से तौबा करने की रात, शब-ए-बारात आज : इबादत में गुजरेगी अकीदतमंदों की पूरी रात

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** जिले में शब-ए-बारात मंगलवार की रात अकीदत और अहतराम के साथ मनाई जाएगी। शब-ए-बारात यानी गुनाहों से तौबा करने की रात है। इस मौके पर अकीदतमंद रातभर जागकर खुदा की बारगाह में इबादत करेंगे और अपने गुनाहों की माफी मागेंगे और कब्रिस्तान में जाकर अपने मरहूमीन के लिए दुआएं मगफिरत की जाएगी।अगले दिन यानी बुधवार को रोजा रखा जाएगा।

मदरसा अंजुमन इस्लामिया शीरतुन नबी के मौलाना मुस्तकीम ने बताया इस्लामिक कैलेंडर हिजरी के आठवें महीने में शाबान माह की 15वीं रात शब-ए-बारात मनाई जाती है।इसके लिए क्षेत्र की सभी कब्रिस्तानों की सफाई के साथ सजावट की गई है। लोग पूरी रात अपने मरहूमीन के लिए दुआ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महीने में इंसानों के द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा फरिश्ते अल्लाह के सामने पेश करते हैं और पूरे साल में इंसानों को दी जाने वाली रोजी का निर्धारण होता है। यही वजह है कि इस महीने का खास महत्व है। उन्होंने कहा कि यह रात बरकतों और रहमतों वाली है। खुशनसीब हैं वह लोग जिन्हें इस रात इबादत का मौका मिला है।

# जनपद में शांति व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण/गश्त की गई। इस दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर नजर रखने, आमजन से संवाद बनाए रखने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर विशेष जोर दिया गया।पुलिस की कार्यशैली अनुशासित, सक्रिय एवं जनहित केंद्रित रही। अधिकारियों द्वारा स्वयं मैदान में उतरकर निरीक्षण करने से पुलिस की जिम्मेदारी और जवाबदेही स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना: शहरी श्रमिकों को 15 फरवरी तक पंजीकरण कराने का मौका

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** छोटे व्यापारी, स्वरोजगारी और असंगठित श्रमिकों के लिए 60 साल की उम्र के बाद पेंशन स्कीम का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत दो चरण में अभियान चलाया जा रहा है।इससे जुड़े लोगों को हर माह तीन हजार रुपये पेंशन देने की योजना है। शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को 15 फरवरी तक पंजीकरण कराने का मौका है। 16 से ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा।श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना में आवेदन करने के बाद श्रमिकों को 60 की उम्र के बाद हर महीने तीन हजार रुपये की पेंशन (सालाना 36 हजार रुपये) मिलती है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का उद्देश्य उन मजदूरों, रेहड़ी-पटरी वालों, घरेलू कामगारों, रिक्शा चालकों और दिहाड़ी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिनके पास भविष्य के लिए कोई स्थायी आय का साधन नहीं है। बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ केवल 18 से 40 वर्ष की आयु के असंगठित क्षेत्र से जुड़े श्रमिक ही उठा सकते हैं।इस योजना में शामिल होने वाले व्यक्ति की मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम होनी चाहिए। आप जिस उम्र में आवेदन करते हैं उसी के अनुसार 55 रुपये से लेकर 200 रुपये तक मासिक अंशदान स्कीम में करना होता है।पेंशन धारक की मृत्यु की दशा में उनके आश्रित को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन प्राप्त होगी। इससे परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। यह योजना उन परिवारों के लिए खास है, जिनकी आय का मुख्य स्रोत दिहाड़ी या अस्थायी काम पर निर्भर करता है।

# केंद्रीय बजट 2026-27 एमएसएमई सेक्टर और मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है - अजय गुप्ता

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 पेश किया गया वाराणसी फर्नीचर और फर्निशिंग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा की एमएसएमई सेक्टर और मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है लेकिन फर्नीचर और फर्निशिंग जैसे सेक्टर्स की विशिष्ट चुनौतियों को पूरी तरह संबोधित नहीं करता हम व्यापार मंडल की ओर से इस बजट का आंशिक स्वागत करते हैं क्योंकि इसमें कुछ राहतें हैं जो व्यापारियों की कैश फ्लो और ग्रोथ में मदद कर सकती हैं हालांकि,कई अपेक्षाएं अधर में लटकी रह गईं,जो छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं हर व्यापारी बजट से यह उम्मीद करता है कि रियायतें मिलेंगी, लागत कम होगी और व्यापार दुगुनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा,लेकिन इस बार कुछ क्षेत्रों में कमी महसूस हुईं हम सरकार से अपील करते हैं कि क्रियान्वयन में इन कमियों को दूर किया जाए,अन्यथा एमएसएमई सेक्टर की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं यह एक चेतावनी है कि बिना और राहत के,आयात प्रतिस्पर्धा और बढ़ती लागत से छोटे व्यापारी पिछड़ सकते हैंफर्नीचर और फर्निशिंग व्यापार पर प्रभाव बजट में फर्नीचर उद्योग के लिए कोई सीधा बड़ा पैकेज या स्पेसिफिक राहत नहीं घोषित हुई,जो एक बड़ी कमी है अपेक्षा थी कि आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर या जीएसटी रेट्स कम करके (वर्तमान 18 प्रतिशत से) घरेलू उत्पादकों को संरक्षण मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ हालांकि एमएसएमई सपोर्ट के तहत 10,000 करोड़ रुपए का एसएमई ग्रोथ फंड और क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाना (पांच करोड़ से दस करोड़ रुपए तक) फर्नीचर मैन्युफैक्चरर्स के लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि हमारी इंडस्ट्री मुख्य रूप से एमएसएमई पर आधारित है ट्रेड्स प्लेटफॉर्म को मैंडेटरी बनाना और गेम से लिंक करना तेज पेमेंट्स सुनिश्चित करेगा, जो कैश फ्लो में सुधार लाएगा। मेक इन इंडिया पुश और अफोर्डेबल हाउसिंग पर इंसेंटिव्स से डिमांड बढ़ सकती है लेकिन जीएसटी में कोई कमी न होने से लागत पहले जैसी ही रहेगी कुल मिलाकर स्थिति पहले से थोड़ी बेहतर है लेकिन नुकसान यह है कि बड़े बदलाव न होने से आयातित फर्नीचर से प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी हम सरकार को चेताते हैं कि बिना स्पेसिफिक जीएसटी रिलीफ के छोटे फर्नीचर व्यापारी मार्जिन पर दबाव महसूस करेंगे सामान्य व्यापारियों पर प्रभाव सभी व्यापारियों के लिए बजट एमएसएमई केंद्रित है लेकिन अपेक्षाओं से कम 10,000 करोड़ रुपए का एसएमई ग्रोथ फंड और सेल्फ रिलायंट इंडिया फंड में 2,000-4,000 करोड़ रुपए का टॉपअप क्रेडिट एक्सेस को बेहतर बनाएगा जो छोटे ट्रेडर्स के लिए फायदेमंद हैं एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए ईसीजीसी सपोर्ट और ड्यूटी रेमिशन स्कीम्स से वैश्विक बाजार में मदद मिलेगी,खासकर यूएस टैरिफ्स से प्रभावित सेक्टर्स को हालांकि सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी (ऋ&ड पर 0.05 प्रतिशत तक) से ट्रेडर्स को शॉर्ट-टर्म नुकसान होगा और बाजार में गिरावट आई हैं इंफ्रा कैपेक्स को 12.2 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाना लॉजिस्टिक्स में सुधार लाएगा।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में माइन डायमंड्स फेस्टिवल का हुआ भव्य शुभारंभ

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** देश के अग्रणी ज्वैलरी ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सिगरा स्थित शोरूम में बहुप्रतीक्षित माइन डायमंड फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ हुओ स्टोर टीम,ग्राहकों और शहर के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में लॉन्च हुए इस शोरूम में डायमंड आभूषण प्रेमियों के लिए बेहतरीन कलेक्शन पेश किया गया है विश्व प्रसिद्ध मलाबार के डायमंड आभूषण अपनी उत्कृष्ट कारीगरी, आधुनिक क्राफ्ट्समैनशिप और अनोखे डिजाइनों के लिए जाना जाता है इस एक्सक्लूसिव प्रदर्शनी में चमकते हीरों और शुद्ध सोने से निर्मित स्टेटमेंट ज्वैलरी का शानदार संग्रह उपलब्ध है जो पारंपरिक शान और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन संगम है ग्राहकों को इस फेस्टिवल में डायमंड के मूल्य पर तीस प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट प्राप्त हो रहा है साथ ही न्यूनतम मूल्य पर गोल्ड बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है 15 फरवरी तक चलने वाली यह सीमित अवधि की प्रदर्शनी शहर के आभूषण प्रेमियों में खास उत्साह पैदा कर रही हैं लॉन्च के पहले ही दिन ग्राहकों ने अनोखे डिजाइनों का अनुभव किया और मलाबार की कारीगरी की सराहना की मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स वाराणसी के सभी ग्राहकों को इस विशेष प्रदर्शनी का हिस्सा बनने और कला एवं कारीगरी के इस अद्भुत संगम का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि परमजीत अहलूवालिया, किरण सेठ,जी एस अड़े,अनीशा शाही,सोना मौर्य सहित इत्यादि आदि शामिल हुए।


# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में माइन डायमंड्स फेस्टिवल का हुआ भव्य शुभारंभ

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** देश के अग्रणी ज्वैलरी ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सिगरा स्थित शोरूम में बहुप्रतीक्षित माइन डायमंड फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ हुओ स्टोर टीम,ग्राहकों और शहर के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में लॉन्च हुए इस शोरूम में डायमंड आभूषण प्रेमियों के लिए बेहतरीन कलेक्शन पेश किया गया है विश्व प्रसिद्ध मलाबार के डायमंड आभूषण अपनी उत्कृष्ट कारीगरी, आधुनिक क्राफ्ट्समैनशिप और अनोखे डिजाइनों के लिए जाना जाता है इस एक्सक्लूसिव प्रदर्शनी में चमकते हीरों और शुद्ध सोने से निर्मित स्टेटमेंट ज्वैलरी का शानदार संग्रह उपलब्ध है जो पारंपरिक शान और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन संगम है ग्राहकों को इस फेस्टिवल में डायमंड के मूल्य पर तीस प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट प्राप्त हो रहा है साथ ही न्यूनतम मूल्य पर गोल्ड बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है 15 फरवरी तक चलने वाली यह सीमित अवधि की प्रदर्शनी शहर के आभूषण प्रेमियों में खास उत्साह पैदा कर रही हैं लॉन्च के पहले ही दिन ग्राहकों ने अनोखे डिजाइनों का अनुभव किया और मलाबार की कारीगरी की सराहना की मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स वाराणसी के सभी ग्राहकों को इस विशेष प्रदर्शनी का हिस्सा बनने और कला एवं कारीगरी के इस अद्भुत संगम का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि परमजीत अहलूवालिया, किरण सेठ,जी एस अड़े,अनीशा शाही,सोना मौर्य सहित इत्यादि आदि शामिल हुए।


# केटी स्टेडियम में बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 का हुआ भव्य समापन

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। केटी स्टेडियम, मुबारिकपुर खेकड़ा में आयोजित तीन दिवसीय बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 का भव्य समापन हुआ। गर्ल्स वर्ग में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिन की शुरूआत 5 लीग मुकाबलों से हुई, जिनके बाद सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। पूल मैचों के आधार पर 4 टीमें अपने-अपने ग्रुप की विजेता व रनर-अप बनकर सेमीफाइनल में पहुँचीं। पहले सेमीफाइनल में देवकृष्णा खेकड़ा की टीम ने गौरीपुर को 24-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में नैन स्पोट्र्स एकेडमी (बसी गांव) ने एसबीएस एकेडमी को 34-15 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें नैन स्पोर्ट्स एकेडमी बसी गांव ने देवकृष्णा खेकड़ा को 27-26 के करीबी अंतर से हराकर बागपत कबड्डी लीग सीजन-2 गर्ल्स वर्ग की ट्रॉफी अपने नाम की। गर्ल्स वर्ग के व्यक्तिगत पुरस्कार के अन्तर्गत बेस्ट रेडर - हन्नू देवकृष्णा, खेकड़ा, बेस्ट डिफेंडर - गुड्डेन नैन स्पोर्ट्स एकेडमी, बसी, गोल्डन मोमेंट अवॉर्ड - अंजलि नैन स्पोर्ट्स एकेडमी, बसी, बेस्ट यंग प्लेयर - सना देवकृष्णा, खेकड़ा, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार - काजल नैन स्पोर्ट्स एकेडमी, बसी को मिला। बॉयज वर्ग में कुल 7 मुकाबले खेले गए, जिनमें 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और फाइनल शामिल रहे। क्वार्टर व सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद बिजरौल और दोघट की टीमें फाइनल में पहुँचीं। फाइनल मुकाबला( दोघट बनाम बिजरौल पूरे टूनामेंट का सबसे रोमांचक मैच साबित हुआ। निर्धारित समय तक मुकाबला टाई रहा। इसके बाद रेड के माध्यम से निर्णय हुआ, जिसमें 5-5 रेड के बाद 1 अंक की बढ़त बनाते हुए दोघट ने 23-22 के स्कोर से बिजरौल को पराजित कर बागपत कबड्डी लीग सीजन-2 बॉयज वर्ग की चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। बॉयज वर्ग के व्यक्तिगत पुरस्कार के अन्तर्गत बेस्ट रेडर - अमन पवार दोघट, बेस्ट डिफेंडर - सूरज तोमर बिजरौल, बेस्ट मोमेंट अवॉर्ड - आर्यन शर्मा धनोरा, बेस्ट यंग प्लेयर - हर्षदीप मवीकला, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार - कमल पवार दोघट को मिला। समापन समारोह में जिलाधिकारी अस्मिता लाला, आरएसएस के प्रांत प्रचारक शिवकुमार त्यागी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, बागपत शुगर मिल के चेयरमैन कृष्णपाल, जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार, उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी सतींद्र सिंह, ऑल इंड़िया आरपीएफ कोच तेजपाल, आईटीबीपी कबड्डी कोच अखिलेश कुमार, आयोजनकर्ता कपिल त्यागी, महामहित राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, हम्बीर, आशीष, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मोदीनगर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन समिति मोदीनगर इकाई की ओर से मुलतानीमल मोदी कालेज परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आरएसए के पश्चिमी यूपी के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सुशील कुमार ने समाज में समरसता का भाव जागृत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाति-पाति से ऊपर उठकर संगठित होकर कार्य करने से ही हिंदुत्व की रक्षा हो सकेगी। उन्होने आगे कहा कि सभी को भाई बनकर व्यवहार करना चाहिए और एक-दूसरे को अपना भाई



मानना चाहिए, तभी एकजुट होकर सनातन को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से आत्मीयता का भाव बढ़ाने का भी आह्वान किया। पंतजलि वैलफेयर सेंटर मोदीनगर के स्वामी आरोग्य देव ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हिंदुओं को एकजुट रहने और समाज में चल रही गतिविधियों पर पैनी दृष्टि बनाए रखने की आवश्यकता बताई। इस बीच सम्मेलन के दौरान गर्व से कहो हम हिंदू हैं का नारा कई बार गूंजा। वही राष्ट्रीय कवि सुलतान सिंह सुल्तानिया की कविता ने सनातन धर्म के प्रति जोश भरा। इस मौके पर समिति के महासचिव एंव पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर ने उपस्थित लोगों से सप्ताह में एक दिन एकत्रित होकर सत्संग करने का आग्रह किया। व्यापारी नेता महेश तायल ने कहा कि हिंदू जगेगा तो देश जगेगा ओर मानव का विश्वास जगेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र अग्रवाल ने की। संचालन विधा भारती मेरठ के संभाग निरीक्षक जगवीर शर्मा जलज ने किया। इस मौके पर हरपाल सिंह, राजढींगरा, महेश तायल, पीयूष गुप्ता, रामेश्वर दयाल गर्ग, ब्रजभूषण अग्रवाल, एड राजेशचंद्र शर्मा, एड प्रमोद शर्मा सीकरीकला, जयप्रकाश शर्मा, संजय मलिक, पूनम सिंघल, शोभा चौधरी, हरीश त्यागी, मनोज ठाकुर, सुनील गोयल, प्रवीण गुप्ता के अलावा दूर-दूर से आए कई आचार्य और गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में स्मार्ट क्लास रूम प्रोग्राम शुरू किया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में उम्मीद फाउंडेशन होप फॉर ह्यूमन ने राक्वेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर छात्रों के ड्रॉप आउट रेट को कम करने और उन्हें स्मार्ट शिक्षा देने के मकसद से एक स्मार्ट क्लास रूम प्रोग्राम शुरू किया। फाउंडेशन ने स्कूल के बच्चों के लिए आर ओ सिस्टम और वाटर कूलर लगाकर साफ और सुरक्षित पीने के पानी की सुविधा प्रदान की। छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेडिंग मशीन और सेनेटरी पैड भी दिए गए। इसके अलावा स्कूल को साफ और सुरक्षित बनाने के लिए स्कूल के टॉयलेट और बाउंड्री वॉल का भी रिनोवेशन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने उम्मीद फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं फाउंडर ललित कुमार बिष्ट का पुष्प



माला शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर व कला अध्यापक डॉ अमित कुमार ने किया। तत्पश्चात ललित कुमार बिष्ट ने सभी सामान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार को सौंप दिया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने उम्मीद फाउंडेशन के फाउंडर ललित कुमार बिष्ट का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार राजकुमार, अखिलेश कुमार, रिंकेश कुमार वर्मा, सुनील चौधरी एवं हेमलता शर्मा आदि समस्त अध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से पांच साल के मासूम की मौत

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम की जान चली गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मृतक बच्चे की पहचान चांद (5) के रूप में हुई है। बच्चे के पिता गोपाल ने बताया कि वह मूल रूप से आशाबाद फाटक, फिरोजाबाद के निवासी हैं और वर्तमान में वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे अपने परिवार के साथ रहकर गुजर–बसर कर रहे हैं। 31 जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे उनका बेटा चांद वसुंधरा चौराहे पर साहिबाबाद गांव की ओर जाने वाली सड़क के किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कार का नंबर नोट कर लिया, लेकिन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। परिजन और स्थानीय लोग घायल बच्चे को तत्काल नरेंद्र मोहन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां–बाप का रो–रोकर बुरा हाल है और इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही और यातायात नियमों की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। मामले की गहन जांच के बाद आवश्यक धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क पर विशेषकर रिहायशी क्षेत्रों में सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एमएमजी अस्पताल में इलाज से पहले ही टूटा मरीज का दम, महिला की इमरजेंसी में मौत से मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल में सोमवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब उपचार के लिए रजिस्ट्रेशन लाइन में खड़ी एक महिला अचानक बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी। आनन–फानन में उन्हें इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। इलाज शुरू होने से पहले ही महिला की मौत हो गई, जिससे अस्पताल परिसर में शोक और हलचल का माहौल बन गया। मृतका की पहचान छीजारासी निवासी 56 वर्षीय मिथिलेश के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मिथिलेश को सुबह से ही सीने में तेज दर्द की शिकायत थी। उनकी बेटी काजल उन्हें करीब सुबह 10 बजे इलाज के लिए एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंची थी। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने की प्रक्रिया चल रही थी, तभी अचानक मिथिलेश की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई और वह वहीं जमीन पर गिर पड़ीं। अचानक हुई इस घटना से वहां मौजूद मरीजों और तीमारदारों में अफरा–तफरी मच गई। अस्पताल कर्मचारियों और कुछ लोगों ने तुरंत महिला को संभालते हुए इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. बृजेश ने 11 बजकर 25 मिनट पर जांच के बाद मिथिलेश को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। बेटी काजल ने बताया कि सुबह से ही उनकी मां को सीने में असहनीय दर्द हो रहा था, जिसके चलते वे बिना देरी किए उन्हें अस्पताल लेकर आई थीं। अचानक इस तरह मां की हालत बिगड ? और इलाज शुरू होने से पहले ही मौत हो जाने से परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद कुछ देर के लिए अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

## थाने में खड़े पेड़ों की नीलामी 7 फरवरी को होगी

**मोदीनगर।** पुलिस कमिश्रेट थाना मोदीनगर पर खडे 05 पेडों की नीलामी 7 फरवरी को होगी। यह जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि थाना मोदीनगर पर खड़े पांच पेड़ों की नीलमी 7 फरवरी को प्रात: 11 बजे थाना मोदीनगर परिसर पर की जायेगी। इच्छुक बोली दाता नियमानुसार समय पर पंहुच कर टोकन मनी धनराशी जमाकर बोली मे भाग ले सकते है।

# राजकुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान में सिस्को आधारित एफडीपी का सफल समापन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ)।** राजकुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान, गाजियाबाद के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एनएस3 ईडीयू के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय फैकल्टी/स्टाफ डेवलपमेंट प्रोग्राम एडवांस्ड नेटवर्किंग टेक्नोलॉजीज यूज़िंग सिस्को प्लेटफॉर्म का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस एफडीपी का आयोजन 27 से 31 जनवरी 2026 तक आरकेजीआईटी कैंपस में किया गया, जिसमें विभिन्न संकाय के 66 फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों को उद्योग-उन्मुख नेटवर्किंग तकनीकों का प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करना था। एफडीपी के दौरान सत्रों का संचालन श्री गौरव कुमार, आईटी ट्रेनर, एनएस3 ई डी यू द्वारा किया गया, जो




सीसीएनए, सीसीएनपी एवं पेलो ऑल्टो प्रमाणित प्रशिक्षक हैं। प्रशिक्षण के दौरान सिस्को राउटर एवं स्विच, राऊटिंग, स्विचिंग, वीएलएएन, ट्रंकिंग, इंटर-वीएलएएन रूटिंग, नेटवर्क कॉनफि गरेशन तथा नेटवर्क ट्रबलशूटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने इन विषयों का प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त किया। वैलिडिक्टरी सत्र में डॉ. अमित सिंघल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ने एफडीपी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम फैकल्टी को नवीनतम तकनीकों से जोड़ते हैं और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाते हैं। इस अवसर पर डॉ. रामेन्द्र सिंह( डीन एवं समन्वयक ) ने तकनीकी शिक्षा में नेटवर्किंग तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन डॉ. बी. सी. शर्मा, निदेशक, आरकेजीआईटी के प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक शब्दों के साथ हुआ। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों को तकनीकी नवाचारों को अपनाने तथा उद्योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यह एफडीपी डॉ. अमित सिंघल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. रामेन्द्र सिंह( डीन एवं कदअउ समन्वयक) के नेतृत्व में किया गया, और सुश्री वर्षा त्यागी( असिस्टेंट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री कनिका शर्मा एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्य संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह एवं विधायक डॉ. मंजू शिवाच के कुशल नेतृत्व में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ललित त्यागी एडवोकेट, सभासद एवं जिला महामंत्री (युवा मोर्चा) द्वारा नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु भरे गए फॉर्म-6 संबंधित बी.एल.ओ. के पास विधिवत रूप से जमा कराए गए। ललित त्यागी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाना है। पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर जनभागीदारी को प्रोत्साहित कर रहा है।

# नेशनल वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप 3 से 14 फरवरी तक आयोजित की जाएगी

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** नगर में राष्ट्रीय स्तर की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देने के लिए सीकरी कल स्थित वेट लिफ्टिंग वॉरियर्स अकादमी में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहां की विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काजमपुर रोड स्थित यादव फार्म हाउस में नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 3 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से 700 से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय महिला वेटलिफ्टिंग कोच तथा द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित विजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में यूथ जूनियर में सीनियर वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजय शर्मा के अनुसार सीनियर भार वर्ग में प्रथम द्वितीय वृत्तीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला व पुरुष खिलाड़ियों में से आगामी दोनों में होने वाली सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। विजय शर्मा की माने तो प्रतियोगिता में जापान ओलंपिक गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट रही वेटलिफ्टर मीराबाई चानू भी बतौर प्रतिभागी हिस्सा लेंगी। इसके अलावा देशभर के बेस्ट लिफ्टिंग में अर्जुन अवार्ड विजेता भी प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करेंगे।

# एआई ड्रिवन पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री विषय पर विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक तकनीकी अनुभव

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा "एआई ड्रिवन पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री विषय पर सोमवार को एक दिवसीय गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न डेंटल कॉलेजों से आए 100 से अधिक एमडीएस विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्थान के सभी दंत विभागों के चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता प्रख्यात बाल दंत चिकित्सक विशेषज्ञ डॉ. नीरज गुगनानी रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नीरज गुगनानी, आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं



वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी, सभी दंत विभागों के विभागाध्यक्ष एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक आयोजन का उद्देश्य दंत चिकित्सकों के ज्ञान और कौशल को नवीनतम तकनीकों से समृद्ध करना रहा। अपने व्याख्यान में डॉ. नीरज गुगनानी ने दंत चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अवधारणा का परिचय देते हुए बाल दंत चिकित्सा में इसकी बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने एआई इकोसिस्टम की जानकारी देते हुए बताया कि दंत चिकित्सक इंजीनियर, एनोटेटर, वैलिडेटर अथवा सूचित उपभोक्ता के रूप में एआई के विकास और उपयोग में किस प्रकार अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

# बजट को किसी ने अच्छा बताया, तो किसी ने निराशाजनक कहा

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** बजट पर लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। किसी ने बजट को अच्छा बताया तो किसी ने निराशाजनक बजट कहा।

भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह बजट देश को आगे ले जाएगा। बजट में किसानों मजदूरों और युवाओं का ध्यान रखा गया है । बजट देश को प्रगति के राह पर ले जाएगा।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ललित त्यागी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से अब तक प्रस्तुत बजट देश



को प्रगति के राह पर ले जा रहा है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। बजट से सभी को लाभ होने वाला है।

दूसरी और पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति अध्यक्ष , मोदीनगर ,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष, पूर्व ब्लैक कैट कमांडो, राष्ट्रीय विकास संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बजट में कृषि क्षेत्र के गरीब मजदूर नौजवान के लिए कुछ भी नहीं है। महंगाई शिक्षा रोजगार चिकित्सा पर कब तक झूठ आश्वासन देते हैं रहेंगे। यह बजट सिर्फ धन्ना सेठो के लिए है। गरीबों के लिए बजट नहीं है।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सत्येंद्र शर्मा ने बजट को जनता के साथ धोखा बताया है उन्होंने कहा कि बजट से लोगों को निराशा हाथ लगी है। किसी को भी कोई फायदा नहीं हुआ है। यह बजट सिर्फ उद्योगपतियों के लिए बनाया गया है।

युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। किसान को कोई भी लाभ होने वाला नहीं है। बजट ने जनता को निराश किया है। इस सब के समाधान के लिए 2027 में समाजवादी पार्टी विकल्प है।

# शब-ए-बारात पर शांति और सौहार्द की अपील, पीस कमेटी बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर दिए स्पष्ट निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आगामी त्योहार शब-ए-बारात को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना वेव सिटी परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने की। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शब-ए-बारात आपसी



सद्भाव, दुआ और सामाजिक सौहार्द का पर्व है, जिसे सभी नागरिक मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह बनाए रखी जाए और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों से प्रशासन का सहयोग करने और अपने-अपने क्षेत्रों में शांति संदेश फैलाने की अपील की। प्रियाश्री पाल की कार्यशैली की विशेषता उनकी संवादात्मक और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि रही। बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों, धर्मगुरुओं और सामाजिक प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि हर छोटी-बड़ी समस्या पर पुलिस तत्परता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग का इसमें योगदान आवश्यक है। यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या अफवाह दिखाई दे, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी भ्रामक सूचना को आगे साझा न करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## यूरिडा के डिप्टी सीईओ ने मोहन नगर जोन में चल रहे कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

# सीएम ग्रिड फेस-1 का कार्य तीन माह में पूरा करने के निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मोहन नगर जोन अंतर्गत चल रहे मुख्यमंत्री ग्रिड (सीएम ग्रिड) फेस-1 के कार्यों का सोमवार को अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा), नगर विकास उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीईओ अरविंद श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को आगामी तीन माह के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता देशराज, सहायक अभियंता गणेसी लाल, अवर अभियंता विनोद सहित निर्माण विभाग की टीम मौके पर उपस्थित रही। डिप्टी सीईओ द्वारा मोहन नगर चौराहे से हिंडन एयर फोर्स चौराहे तक लगभग 1.72 किलोमीटर लंबी सड़क पर चल रहे सीएम ग्रिड फेस-1 के कार्यों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही नागद्वार से हिंडन एलिवेटेड रोड तक लगभग एक किलोमीटर सड़क के कार्य का चार्ज भी लिया गया। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नागद्वार से एलिवेटेड रोड तक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि मोहन नगर चौराहे से हिंडन एयर फोर्स चौराहे तक चल रहे कार्यों में अवस्थापना सुविधाओं को पूरी तरह अंडरग्राउंड किया जा चुका है। इस मार्ग पर पानी और बिजली की लाइन के साथ-साथ ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) को भी भूमिगत किया गया है, जिससे भविष्य में सड़क खुदाई की समस्या से बचा जा सके।

करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से दोनों प्रमुख सड़कों के सुधार का कार्य तेजी से प्रगति पर है। सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के साथ-साथ पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए फुटपाथों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है।



## भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी, अवैध कब्जों के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसुनवाई करते हुए आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिससे प्रार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस दौरान राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य, निर्माण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुईं। जनसुनवाई और आईजीआरएस के माध्यम से लोनी क्षेत्र में अवैध भूमि कब्जों से संबंधित शिकायतें लगातार संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने गंभीर रुख अपनाया। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से दूरभाष पर वार्ता कर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कमेटी गठित करने का अनुरोध किया, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने सहमति प्रदान की। गठित की जा रही कमेटी में एडीएम (एल/ए), एसडीएम लोनी, एसीपी लोनी, एसीपी अंकुर विहार एवं एसीपी वेवसिटी को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्थिति में लोनी क्षेत्र में भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले अथवा ऐसे कृत्यों में सहयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जेल भेजने तक की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन की टीम मिलकर अवैध कब्जों की समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध निस्तारण करेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि से संबंधित मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है।

## पासपोर्ट सेवाओं में नई रफ्तार, 7 फरवरी को खुलेंगे सभी पासपोर्ट सेवा केंद्र, शीघ्र अपॉइंटमेंट पर जोर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक नागरिकों के लिए राहत की खबर है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा पासपोर्ट सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत 7 फरवरी शनिवार को पासपोर्ट सेवा केंद्र साहिबाबाद सहित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र विशेष रूप से खोले जाएंगे, जहां नागरिकों के पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यह पहल विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए नागरिकों को शीघ्र अपॉइंटमेंट उपलब्ध कराना और लंबित आवेदनों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करना है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत अछनेरा, आगरा, अलीगढ़, बागपत, बुलंदशहर, हाथरस, मेरठ, मुजफ्फरनगर, नोएडा, सहारनपुर एवं वृन्दावन स्थित सभी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर अतिरिक्त स्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा, के नेतृत्व में यह अभियान पासपोर्ट सेवाओं को जन-उन्मुख बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है। कार्यभार संभालने के बाद से ही अनुज स्वरूप ने नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक संवेदनशीलता, अनुशासन और कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उनकी कार्यशैली का स्पष्ट उद्देश्य यह है कि आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में अनावश्यक प्रतीक्षा, तकनीकी अड़चनों और असुविधाओं का सामना न करना पड़े। अनुज स्वरूप ने बताया कि वर्तमान समय में पासपोर्ट सेवाओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विशेषकर विद्यार्थियों, नौकरीपेशा युवाओं, विदेश जाने वाले कामगारों और वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिकों को समय पर अपॉइंटमेंट मिले और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल केवल एक दिन की नहीं, बल्कि सेवा सुधार की निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर ऑनलाइन स्लॉट बुक कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्र पर समय से पहुंचें।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय मांग दिवस पर गाजियाबाद में रेल कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के आह्वान पर 2 फरवरी 2026 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय मांग दिवस के अवसर पर गाजियाबाद मैन ब्रांच कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ठफटव गाजियाबाद को-ऑर्डिनेशन कमेटी की तीनों शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड अजय कुमार सक्सेना ने की। आंदोलन का नेतृत्व कामरेड लोकेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे कामरेड शिव गोपाल मिश्रा (महामंत्री, अकफत्र), एस.के. त्यागी (केंद्रीय अध्यक्ष, ठफटव), कामरेड अनूप शर्मा (मंडल मंत्री, दिल्ली मंडल) एवं सहायक महामंत्री मोहम्मद रफीक ने कर्मचारियों को संबोधित कर आंदोलन को मजबूती प्रदान की। पूरे कार्यक्रम का संचालन अनुशासन और जोश के साथ संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय मांग दिवस पर सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी लंबित एवं जायज मांगों को लेकर केंद्र सरकार और रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। एकता, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति का यह प्रदर्शन रेल कर्मचारियों की मजबूती का स्पष्ट संदेश था। लंबित मांगों पर तुरंत कार्रवाई की मांग इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रमुख मांगों में– कैडर रिस्ट्रक्चरिंग रिपोर्ट शीघ्र जारी की जाए सभी सेफ्टी कैटेगरी को रिस्क अलाउंस दिया जाए पेट्रोलमेन की बिट 12 किमी से अधिक न हो आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों की जल्द घोषणा हो अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि ट्रैफिक व रनिंग कर्मचारियों के ङटअ व अछङ में 25% वृद्धि 01.01.2024 से लागू की जाए और बकाया का तत्काल भुगतान हो। साथ ही ग्रेड-2 व ग्रेड-1 का मर्जर, महिलाओं को उउछ पर दोनों वर्षों में पूर्ण वेतन, माता-पिता दोनों को मेडिकल व पास सुविधा, वढर में संशोधन कर डढर के शेष लाभ, ड्यूटी ऑवर 8 घंटे से अधिक न हों, ढछइ की सीलिंग ?7000 से बढ़ाई जाए, तथा रनिंग स्टाफ को टअउढ का लाभ दिए जाने की मांग उठाई गई। कुल मिलाकर 36 सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा करने की पुरजोर अपील की गई। एकजुट रेल कर्मचारी–सबसे बड़ी ताकत यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण बना कि संगठित, जागरूक और एकजुट रेल कर्मचारी ही संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत हैं। कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने राष्ट्रीय मांग दिवस को एक सार्थक, अनुशासित और सफल आंदोलन के रूप में स्थापित किया।

## 30 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर रिटायर्ड बुजुर्ग से 23.33 लाख की साइबर ठगी

**गाजियाबाद**। साइबर अपराधियों ने निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर खोड़ा निवासी एक रिटायर्ड बुजुर्ग से 23.33 लाख रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। ठगों ने खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताकर पीड़ित को 30 प्रतिशत तक रिटर्न का सपना दिखाया और एक फर्जी डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए रकम हड़प ली। जब पीड़ित ने मुनाफे की राशि निकालने की कोशिश की, तो उससे कैपिटल गेन टैक्स के नाम पर और रुपये मांग लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित 70 वर्षीय सुरेश चंद्र शेखर ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप में एक व्यक्ति खुद को स्टॉक मार्केट का प्रोफेसर प्रेम प्रकाश बताता था और निवेश से मोटा मुनाफा कमाने के दावे करता था। ग्रुप में रोजाना शेयर बाजार से जुड़ी जानकारियां, स्क्रीनशॉट और लाभ के आंकड़े साझा किए जाते थे।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में हवन से शुरूआत और भारत माता की आरती के साथ हुआ समापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। हिन्दू समाज को संगठित करने, सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिंदी भवन में सोमवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भावपूर्ण हवन के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने सनातन धर्म की मूल भावना पर प्रकाश डालते हुए जाति-पाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर हिन्दू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। मुख्य उद्बोधन क्षेत्रीय सह प्रचार प्रमुख तपन द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा हिन्दुत्व में निहित है और संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और हिन्दू एकता को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए समाज से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवनीतप्रिय दास, संस्थापक संस्कार उपवन, तथा हनुमत कथा व्यास अरविन्द ओझा द्वारा उपस्थित जनसमूह को आशीर्वचन प्रदान किए गए। सम्मेलन के सांस्कृतिक सत्र में वीर रस से ओतप्रोत कविताओं की प्रस्तुति कवि कमल आगने, प्रियंका राव और अंजू जैन द्वारा दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान शिव पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आयोजन स्थल पर सिख गुरुओं के बलिदान और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों, विशेषकर लव जिहाद के प्रति चेतना बढ़ाने हेतु एक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति के संरक्षक के रूप में रविंद्र गर्ग, सत्यपाल सिंह, राजकुमार त्यागी, राजेश गर्ग और अशोक बजाज उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता जगबीर सिंह ने की, जबकि सचिव प्रदीप गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष मोहित और ब्रजमोहन रहे।

## फ्लैट दिलाने के नाम पर दंपती से 18.88 लाख की ठगी

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद**। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में फ्लैट बेचने के नाम पर एक दंपती से करीब 18.88 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपती की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि फ्लैट मालिक ने बयाने के रूप में बड़ी रकम लेने के बाद न केवल रजिस्ट्री कराने से इनकार कर दिया, बल्कि पैसे वापस मांगने पर दंपती को जान से मारने की धमकी भी दी। वसुंधरा सेक्टर-1 निवासी नागेश कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह लंबे समय से अपने परिवार के लिए एक फ्लैट खरीदने की तलाश में थे। इसी क्रम में चार मार्च 2025 को उनकी मुलाकात शैलेश कुमार से हुई, जिसने अपना फ्लैट बेचने की इच्छा जताई। बातचीत के बाद 26.50 लाख रुपये में फ्लैट का सौदा तय हुआ। सौदे को पक्का करने के लिए नागेश कुमार ने 2.15 लाख रुपये का चेक और 50 हजार रुपये नकद बतौर बयाना दिए। इसके बाद नौ मार्च को दोनों पक्षों के बीच विधिवत एग्रीमेंट किया गया। एग्रीमेंट के समय नागेश कुमार ने आरोपित के बैंक खाते में 10 लाख रुपये का भुगतान किया। इसके कुछ समय बाद शैलेश कुमार ने अलग-अलग तारीखों में और रकम की मांग की। छह मई को पांच लाख रुपये, 10 मई को 1.50 लाख रुपये और 13 मई को 1.22 लाख रुपये अतिरिक्त रूप से ले लिए गए। इस तरह कुल भुगतान 18.88 लाख रुपये तक पहुंच गया।

## नवाचार और शोध को सशक्त करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी (एसजीयू) में 30 जनवरी को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (निपाम), भारत सरकार के अंतर्गत बौद्धिक संपदा कार्यालय के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता में इसकी महत्ता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री नित्या त्यागी, परीक्षक-पेटेंट एवं डिजाइन, बौद्धिक संपदा कार्यालय, दिल्ली, कार्यालय नियंत्रक सामान्य पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहीं। उन्होंने पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए पेटेंट पंजीकरण की प्रक्रिया, अधिकारों के संरक्षण एवं वाणिज्यीकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अकादमिक संस्थानों, नवोदित उद्यमों और उद्योग जगत में बौद्धिक संपदा अधिकारों की व्यावहारिक उपयोगिता को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नवाचार और सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं।

# कृषि निर्यात को गति देने की कवायद तेज, एफपीओ के माध्यम से निर्यात बढ़ाने पर जोर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जनपदीय क्लस्टर सुविधा इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने, क्लस्टर निर्माण तथा एफपीओ के माध्यम से निर्यात की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कृषक उत्पादक संगठनों के माध्यम से निर्यात के लिए आवश्यक सभी मानकों, प्रक्रियाओं और संसाधनों का अध्ययन करते हुए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि निर्यात के प्रत्येक चरण में किस स्तर पर क्या आवश्यकता होगी, ताकि किसानों को सीधे लाभ मिल सके और जनपद का कृषि निर्यात सशक्त हो। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि कृषक उत्पादक संगठन शीघ्र ही क्लस्टर का गठन करें तथा क्लस्टर में सम्मिलित किसानों की एफपीओ स्तर पर गोष्ठी का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस गोष्ठी में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के इंचार्ज रितेश शर्मा, बासमती निर्यातक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित हितधारकों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि किसानों को निर्यात की प्रक्रिया और अवसरों की समुचित जानकारी मिल सके। बैठक में डॉक्टर शालिनी, सदस्य सचिव प्रभारी एवं ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने जनपद गाजियाबाद में बासमती चावल का क्लस्टर गठित किए जाने तथा अनुलग्नक-एक में ताजी सब्जियों को शामिल करने के प्रस्ताव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे जनपद में शीघ्र क्लस्टर निर्माण संभव हो सकेगा। साथ ही उन्होंने एफपीओ को जीआई टैग प्राप्त बासमती चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मंडी निरीक्षक, मैसर्स प्रो इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, इनविक्टस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, डीडीएम नाबार्ड, सुगरकेन भोजपुर कंपनी लिमिटेड, सीबीबीओ गाजियाबाद, कृषि विपणन निरीक्षक दादरी तथा साइ इंपोर्ट एक्सपोर्ट एग्रो गाजियाबाद के प्रबंध निदेशक सहित विभिन्न विभागों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।